e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 181

**सुविचार**
जीवन में हार तब नहीं होती, जब आप हारते हैं, हार तो तब होती है जब आप हार मान लेते हैं।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
04.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से एक नेशनल हाइवे समेत 63 सड़कें बंद

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में हो रही मानसूनी वर्षा से सामान्य जनजीवन पर असर पड़ रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बीती रात हुई जोरदार वर्षा हुई। मंडी जिला में सबसे ज्यादा बरसात हुई। बादलों के लगातार बरसने से भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। इससे पांच दर्जन सड़कों के अवरुद्ध होने से परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है। बारिश के साथ अंधड़ चलने व बिजली चमकने से सैंकड़ों ट्रांसफार्मर खराब पड़ गए हैं और कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई है।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बुधवार सुबह तक भूस्खलन से एक नेशनल हाइवे और 63 सड़कें अवरुद्ध हैं। इसके अलावा 319 ट्रांसफार्मर बंद हैं। लाहौल-स्पीति जिला में रोहतांग से सरचू जाने वाला नेशनल हाइवे-तीन दारचा से सरचू के बीच भूस्खलन से ठप है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 62 और कांगड़ा जिला में एक सड़क अवरुद्ध है। मंडी जिला के सिराज उपमण्डल में 30, थलौट में 20, करसोग में 11 और सुंदरनगर में 1 सड़क बंद है।

### के कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपित और बीआरएस नेता के कविता और दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि 25 जुलाई तक बढ़ा दिया है। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। इसलिए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार होने वाले लोगों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के कविता शामिल हैं। संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत मिल चुकी है। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

### कमाई में देश का नंबर एक रेल मंडल बना धनबाद

**धनबाद** : धनबाद रेल मंडल एक बार पुनः रिकार्ड माल ढुलाई कर देश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला रेल मंडल बन गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रेल से जून) में रिकॉर्ड 48.71 मिलियन टन का माल ढुलाई किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में किए गए माल ढुलाई 46.38 मिलियन टन की तुलना में 5.82 प्रतिशत अधिक है। जिस कारण धनबाद रेल मंडल को 6777.31 करोड़ रुपये का प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है।इस संदर्भ में धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बुधवार को बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के सामान अवधि की तुलना में आय 4.86 प्रतिशत अधिक है। इस रिकॉर्ड के साथ धनबाद लदान और आय में पूरे भारतीय रेल में पहले स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि इस दौरान धनबाद रेल मंडल में कोयले की औसत ढुलाई 131.38 रेक प्रतिदिन रही।

### खुफिया इनपुट के बाद नेता प्रतिपक्ष के आवास की सुरक्षा बढ़ी

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस को खुफिया विभाग से इनपुट मिला है कि हिंदू संगठनों से जुड़े लोग कांग्रेस नेता पर हमला कर सकते हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय के आदेश के बाद राहुल गांधी व उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी है। आवास पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। साथ ही इलाके में रहने वाले कांग्रेस नेताओं पर नजर रखी जा रही है।नई दिल्ली में खुफिया तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है। राहुल गांधी के आवास पर दो प्लाटून फोर्स तैनात की गई है। एक प्लाटून में 16 से 18 पुलिसकर्मी होते हैं। इसके अलावा तुगलक रोड थाने से आठ से 20 अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। चेकिंग के बाद ही लोगों को नई दिल्ली में प्रवेश करने दिया जा रहा है। नई दिल्ली इलाके में पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^0$ |
| न्यूनतम | $27^0$ |

## मणिपुर में लगातार कम हो रही है हिंसा : पीएम मोदी



**पीएम मोदी ने कहा,सरकार मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। 11,000 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, 500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में अपने जवाब के दौरान मणिपुर के हालात पर भी बात रखी। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर में हिंसा लगातार कम हो रही है और राज्य के ज्यादातर इलाकों में स्कूल फिर से खुल गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी तरह से शांति स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। केंद्र और राज्य सरकारें मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए सभी पक्षों के साथ बातचीत कर रही है। पीएम मोदी ने कहा,सरकार मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। 11,000 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई, 500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मणिपुर के अधिकतर हिस्सों में आम दिनों की तरह स्कूल, कॉलेज, कार्यालय और दूसरे संस्थान खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे देश के अन्य भागों में परीक्षाएं हुई,वैसे ही मणिपुर में भी परीक्षाएं हुई और बच्चों ने अपनी विकास यात्रा जारी रखी है।मोदी ने कहा,केंद्र और राज्य सरकार सभी से बातचीत करके शांति की खातिर सौहार्दपूर्ण रास्ता खोलने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। छोटी-छोटी इकाइयों को जोड़कर ताने-बाने को बनाना एक बहुत बड़ा काम है और यह शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है।उन्होंने कहा,वर्ष 1993 में मणिपुर में ऐसे ही, घटनाओं का क्रम चला था और इतना तीव्र और व्यापक चला था। वह पांच साल लगातार चला था। यह सारा इतिहास समझकर, हमें बहुत समझदारी पूर्वक स्थितियों को ठीक करने का प्रयास करना है। जो भी इसमें सहयोग देना चाहता है, हम सभी का सहयोग भी लेना चाहते हैं। हम सामान्य स्थिति को बरकरार रखने और शांति लाने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं।

### हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का पेश किया दावा

# चंपई सोरेन ने दिया सीएम पद से इस्तीफा

**हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया. इस दौरान उनके साथ विधायक प्रदीप यादव, विनोद सिंह, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** चंपाई सोरेन ने सीएम के पद से बुधवार की शाम इस्तीफा दे दिया. उन्होंने अपना इस्तीफा राजभवन जाकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंपा. उनके इस्तीफा देने के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा किया. उनके साथ हेमंत सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विनोद सिंह, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। जेएमएम नेता हेमंत सोरेन जेल से बाहर आने के बाद एक बार फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल से शपथग्रहण के लिए समय मांगा है। गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपई सोरेन के आवास पर एक बैठक के दौरान सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुनने का फैसला किया।

### झारखंड विधानसभा का गणित

झारखंड विधानसभा में सदस्यों की संख्या 81 है. लोकसभा चुनाव के बाद, राज्य में झामुमो-नीत गठबंधन के विधायकों की संख्या घटकर 45 रह गई है जिनमें झामुमो के 27, राजद का एक और कांग्रेस के 17 विधायक शामिल हैं. झामुमो के दो विधायक-नलिन सोरेन और जोबा माझी अब सांसद हैं, जबकि जामा से विधायक सीता सोरेन ने भाजपा के टिकट पर आम चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था. झामुमो ने बिशुनपुर से विधायक चमरा लिंडा और बोरियो से विधायक लोबिन हेम्ब्रम को पार्टी से निष्कासित कर दिया था, लेकिन उन्होंने अभी तक विधानसभा से इस्तीफा नहीं दिया है. इसी तरह, विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या घटकर 24 रह गई है, क्योंकि उसके दो विधायक- ढुलू महतो (बाघमारा) और मनीष जायसवाल (हजारीबाग) ने लोकसभा चुनाव लड़ा था और वे अब सांसद हैं. बीजेपी ने चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस में शामिल होने वाले मांडू सीट से विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को निष्कासित कर दिया है. हालांकि, पटेल ने अभी तक विधानसभा से इस्तीफा नहीं दिया है.



**सीएम के रूप में चंपाई सोरेन ने लिए कई फैसले**

चंपई सोरेन ने सीएम के रूप में कई फैसले लिए.वे झारखंड की राजनीति में एक जुझारू नेता और जमीन से जुड़े हुए नेता के रूप में जाने जाते हैं. सीएम रहते हुए भी उन्होंने बेहद सादगी के साथ अपना काम किया.चंपई सोरेन, हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री बने थे. वह लगातार चार बार से सरायकेला से विधायक रहे हैं. हालांकि साल 2000 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. उसके बाद वो लगातार चुनाव में विजयी रहे. झारखंड सरकार में मंत्री भी बने.

### सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में हेमंत को चुना गया नेता

झारखंड की राजनीति ने एक बार फिर करवट ली है. हेमंत सोरेन के आवास पर हुई सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में उन्हें फिर से नेता चुना गया. हेमंत सोरेन राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के तौर पर बहुत जल्द शपथ लेंगे. लैंड स्कैम मामले में 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. उनकी जगह पार्टी के सीनियर नेता चंपई सोरेन ने 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी.

## रांची के 7 इलाकों में 60 दिनों के लिए लागू हुआ निषेधाज्ञा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के सदर अनुमंडल के सात स्थानों यथा = मोरहाबादी स्थित सीएम आवास,पुराना मुख्यमंत्री आवास,राजभवन, झारखंड हाईकोर्ट, नेपाल हाउस, प्रोजेक्ट भवन व नए विधानसभा के 100 मीटर के दायरे में बुधवार को निषेधाज्ञा लागू की गयी है। यह निषेधाज्ञा 30 अगस्त या अगले आदेश तक लागू रहेगा। हाल के दिनों में पूर्व में निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क की जगह कतिपय संगठनों, दलों के जरिये धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास, कांके रोड पर भी हो रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने और विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल के निम्नलिखित जगहों पर निषेधाज्ञा जारी की गयी है। अनुमंडल दंडाधिकारी सदर ने बताया कि इस दौरान बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने पर पूरी तरह से पांबदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद , लाठी, डंडा , तीर -धुनष सहित अन्य लेकर निकलना और चलना वर्जित रहेगा। इसके अलावा बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर भी पांबदी रहेगी।

## ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को हाथ-पांव बांधकर पीटा

श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र



**बंशीधर नगर** : नगर उंटारी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी प्रेमचंद विश्वकर्मा के घर से ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को पड़कर हांथ-पांव बांधकर जमकर पिटाई की। पिटाई करने के बाद प्रेमी के साथ प्रेमिका को भी गांव से भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमावर्ती सोनभद्र जिले के विंढमगंज थाना क्षेत्र के हरिना कछार गांव निवासी प्रेमी जय प्रकाश यादव बराबर अपनी प्रेमिका विलासपुर गांव निवासी प्रेमचंद विश्वकर्मा की पत्नी सरिता देवी से मिलने उसके घर आता था।ग्रामीण दोनों को पकड़ने के फिराक में लगे थे। गत सोमवार की रात प्रेमी जयप्रकाश यादव प्रेमिका सरिता देवी से मिलने उसके घर पहुंचा। इसकी भनक लगते ही ग्रामीण रात में ही प्रेमिका के घर से दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिए। पकड़ कर जयप्रकाश के घरवालों व सरिता देवी के मायके वालों को सूचना देकर दोनों के स्वजनों को गांव में बुलाया गया।इससे पूर्व ग्रामीण प्रेमी का हाथ पैर बांधकर जमकर पिटाई किया गया। प्रेमिका की भी पिटाई लात घुसा से किया गया। इसके बाद दोनों के स्वजन के सहमति से प्रेमिका को प्रेमी के साथ उसके घर भेज दिया गया। सरिता देवी के पिता भी पंचायत में पहुंचे थे।विलासपुर गांव सहित आसपास के गांव में इसकी चर्चा जोरों से चल रही है।

**प्रेमी जोड़े के साथ हुआ मॉब लिंचिंग की कोशिश, तीन गिरफ्तारः एसडीपीओ**

प्रेमी युगल के साथ मॉब लिंचिंग की कोशिश की गई है। उक्त बातें नगर उंटारी थाना में एसडीपीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान दिया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि महिला को उसके प्रेमी के साथ घर भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि प्रेमी जोड़े की पिटाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसकी मदद से दिलीप कुमार,धर्मेंद्र कुमार,चंदन विश्वकर्मा तथा सुखदेव विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।उन्होंने बताया कि उक्त करवाई पीड़ित प्रेमी जय प्रकाश यादव के भाई ओम प्रकाश यादव के लिखित आवेदन पर थाना कांड संख्या 156/2024 के आधार पर मुकदमा दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(2)/115(2)/117(2)/3(5)के अंतर्गत किया गया है।एसडीपीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की घटना करने वाले को किसी हालत में बख्शा जाएगा।

### 121 लोगों की मौत पर आया बाबा हरि का बयान, कहा

## आसामजिक तत्वों ने मचाई भगदड़

एजेंसी

**हाथरस** : हाथरस सत्संग के दौरान भगदड़ पर बाबा नारायण साकार हरि की पहली प्रतिक्रिया आई है. बाबा ने लोगों की मौत पर दुख जताया है, लेकिन जिम्मेदारी लेने की बजाय इसे कुछ असामाजिक तत्वों की करतूत करार दिया है.बाबा ने कहा,मृतक परिवारों के प्रति हम संवेदना जताते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की परमात्मा से प्रार्थना करते हैं. कुछ असामाजिक तत्वों ने भगदड़ मचाई. उनकी वजह से इतने सारे



लोगों की जान चली गई. बाबा ने ये बयान सुप्रीम कोर्ट में वकील एपी सिंह के हवाले से दिया है. बाबा ने एपी सिंह को अपना वकील नियुक्त किया है.सूरजपाल सिंह उर्फ भोले बाबा ने लिखित बयान जारी कर कहा है कि हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हैं. इसमें ये भी लिखा है कि जब समागम में भगदड़ हुई, उस वक्त वह वहां नहीं थे. वह तो पहले ही निकल चुके थे.बता दें की हाथरस के सिकंदराराऊ के एक गांव में मानव मंगल मिलन सद्भावना समागम के दौरान भगदड़ मच गई थी. इस भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी. सैंकड़ों लोग घायल हुए थे. हादसे के बाद से सूरजपाल सिंह फरार था. अब इस मामले में उसका पहला रिएक्शन सामने आया है.

## असम में बाढ़ की भयावह स्थिति : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि भौगोलिक कारणों से असम में बाढ़ की स्थिति भयावह हो जाती है। उन्होंने कहा कि वे दिन-रात बाढ़ पीड़ित लोगों की सेवा में तथा तटबंधों की हिफाजत के लिए काम कर रहे हैं।बुधवार को बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के बाद धारापुर में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में बादल फटने की घटना के कारण असम में इस बार बाढ़ की स्थिति जटिल हो गई। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन, अरुणाचल प्रदेश और भूटान आदि में अधिक बारिश होने के कारण असम में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थिति में सुधार लाने की लगातार कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन इसे रोकना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ऊपरी असम में बारिश में कमी आने के कारण मोरीगांव तक ब्रह्मपुत्र समेत इसकी सहायक नदियां खतरे के निशान से नीचे बहने लगी हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

## एसपी ने न्यायालय सुरक्षा व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को नगर ऊंटारी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर में सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों का भी जायजा लिया। साथ निरीक्षण के दौरान एसपी ने ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खासकर गढ़वा मंडल कारा से पेशी के लिए कोर्ट लाए जाने तथा पेशी के बाद मंडल कारा वापस पहुंचाने के दौरान बंदियों पर विशेष नजर रखने और बंदियों से मिलने वाले मुलाकातियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। प्रवेश तथा निकास द्वार पर व्यवहार न्यायालय में आने जाने वाले व्यक्तियों की तलाशी लगातार जारी रखना तथा कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की सामानों का जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि कोर्ट की सुरक्षा के मद्देनजर जिला न्यायालय गढ़वा एवं अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय नगर ऊंटारी का जांच पड़ताल किया गया। कोर्ट परिसर में फोर्स की तैनाती सहित सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में कुछ-कुछ खामियां है जिसके लिए पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए है। कोर्ट परिसर में सीसीटीवी कैमरा और हूटर नहीं लगे है। इसके लिए न्यायालय को पत्राचार कर सीसीटीवी कैमरे और हूटर लगाए जाएंगे।निरीक्षण के क्रम में गढ़वा मेजर संदीप कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## पर्यवेक्षिका द्वारा अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का दिया गया लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**विश्रामपुर, पलामू :** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा संचालित कजरू कला पंचायत के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका के द्वारा अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया है.18 फरवरी को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में अनियमितता का यह बात भी संज्ञान में आया है. जिसके बाद विश्रामपुर परियोजना का उपलब्धता प्रतिशत सभी अन्य परियोजनाओं से काफी ज्यादा 127 प्रतिशत रहने के कारण विश्रामपुर परियोजना के कुछ पंचायतों में जाकर वहां के लाभुकों का स्थलीय जाँच कर सत्यापन कराया गया.जिसमें यह पाया गया कि विश्रामपुर परियोजना अन्तर्गत कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका मीना देवी,जो पूर्व में सेविका थी और सेविका से प्रोन्नति पाकर महिला पर्यवेक्षिका बनी है,उनके द्वारा बड़े पैमाने पर अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है.कजरू कला 2 की सेविका तारा देवी से इस संबंध में जाँच दल द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि लाभुक बालिकाओं का आवेदन भी मेरे द्वारा गलतफहमी में भरा गया है.वहीं इस संबंध में पर्यवेक्षिका मीना देवी से पूछने पर उनके द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया.उल्टा उन्होंने यह कहा कि जाँच तो हर रोज होता है.इससे हमको कुछ बिगड़ने वाला नहीं है.ऊपर से नीचे तक पैसा का खेल चल रहा है.ले-देकर पूरे मामले को रफा दफा करा लिया जायेगा.जांच टीम को केन्द्र की सेविका व पर्यवेक्षिका मीना देवी 12 आवेदकों का मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र व लाभुकों का आधार कार्ड भी उपलब्ध नहीं करा पाई.कई अन्य लाभुकों के मूल प्रमाण पत्र से मिलान करने पर पाया गया कि योजना से लाभान्वित करने के लिए कई आवेदकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र व आधार संख्या से छेड-छाड़ किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत ताली गांव के चांदनी चौक टोला निवासी धर्मेंद्र साह के 19 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार गुप्ता उर्फ राजा की मृत्यु बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बाइक लेकर जैसे ही कांडी-केतार मुख्य सड़क से गांव की ओर चला इस दौरान पास के ही बुलाकी साह नामक व्यक्ति से उसकी टक्कर हो गई जिससे उनका पैर टूट गया। साथ ही उक्त बाइक चालक को गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था वही गांव में मातम सा छाया हुआ है।

## सदाचार और ज्ञानी को अभिनंदन करता है दुनिया



**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सिंगरा चातुर्मास व्रत कथा प्रवचन में श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा की जिसके अंदर सदाचार और ज्ञान होता है उनका ही अभिनंदन होता है. कोई धन से बड़ा हो सकता है, कोई आयु से बड़ा हो सकता है, कोई बल से बड़ा हो सकता है, कोई पद से बड़ा हो सकता है लेकिन दुनिया में सबसे बड़ा वही होता है जो सदाचार, ज्ञान और भक्ति से बड़ा हो. वहीं दुनिया में सबसे बड़ा है। एक बार नैमिषारण्य की पावन भूमि पर श्रीसूत जी महाराज का स्वागत, अभिनन्दन करते हुये शौनक ऋषि ने श्री सूतजी महाराज से बोले कि हे सूतजी महाराज ये आपका अभिनन्दन स्वागत नहीं है, ये आपके गुण का है, ये आपके भक्ति का है, ये आपके ज्ञान का है, ये आपके सदाचार का स्वागत अभिनन्दन किया जा रहा है.स्वामी जी महाराज ने कहा कि राजा परीक्षित और श्री शुकदेव जी का संवाद ही भागवत कथा है.स्वामी जी महाराज ने कहा कि कलियुग की आयु चार लाख बत्तीस हजार वर्ष बताई गई है. द्वापरयुग की आयु कलियुग की आयु से दोगुना यानी आठ लाख चौसठ हजार वर्ष है. त्रेतायुग की आयु द्वापरयुग की तीन गुनी बताई गई है यानी बारह लाख छानबें हजार वर्ष बताई गई है।

## आपत्तीजनक हालत में पकड़े गए प्रेमी प्रेमिका

## ग्रामीणों ने हांथ-पांव बांधकर जमकर किया पिटाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी प्रेमचंद विश्वकर्मा के घर से ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को पड़कर हांथ-पांव बांधकर जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद प्रेमी के साथ प्रेमिका को भी गांव से भेज दिया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमावर्ती सोनभद्र जिले के विंढमगंज थाना क्षेत्र के हरिना कछार गांव निवासी प्रेमी जय प्रकाश यादव बराबर अपनी प्रेमिका विलासपुर गांव निवासी प्रेमचंद विश्वकर्मा की पत्नी सरिता देवी से मिलने उसके घर आता था। ग्रामीण दोनों को पकड़ने के फिराक में लगे थे। गत सोमवार की रात प्रेमी जयप्रकाश यादव प्रेमिका सरिता देवी से मिलने उसके घर पहुंचा। इसकी भनक लगते ही ग्रामीण रात में ही प्रेमिका के घर से दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिए। पकड़ कर जयप्रकाश के घरवालों व सरिता देवी के मायके वालों को सूचना देकर दोनों के स्वजनों को गांव में बुलाया गया।इससे पूर्व ग्रामीण प्रेमी का हाथ पैर बांधकर जमकर पिटाई किया गया। प्रेमिका की भी पिटाई लात घुसा से किया गया। इसके बाद दोनों के स्वजन के सहमति से प्रेमिका को प्रेमी के साथ उसके घर भेज दिया गया। सरिता देवी के पिता भी पंचायत में पहुंचे थे। विलासपुर गांव सहित आसपास के गांव में इसकी चर्चा जोरों से चल रही है। जानकारी मिलने पर पुलिस के द्वारा बांधकर प्रेमी प्रेमिका की पिटाई किए जाने का मामला अज्ञात लोगों पर दर्ज किया गया है। मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।इस संबंध में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने कहा कि पीड़ित युवक जयप्रकाश यादव के भाई के आवेदन पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो की छानबीन के बाद कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## प्रेमी जोड़े को आपत्तिजनक हालत में ग्रामीणों ने पकड़ा, मॉब लिंचिंग की कोशिश

### चार गिरफ्तार, महिला को भेजा प्रेमी के घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर में एक प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया. प्रेमी की ग्रामीणों ने हाथ पैर बांध कर पिटाई की, महिला को भी पीटा गया. इस दौरान प्रेमी के साथ मॉब लिंचिंग की कोशिश की गई है।उक्त बातें नगर उंटारी थाना में एसडीपीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान दिया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि महिला को उसके प्रेमी के साथ घर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रेमी जोड़े की पिटाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसकी मदद से दिलीप कुमार,धर्मेंद्र कुमार,चंदन विश्वकर्मा तथा सुखदेव विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।उन्होंने बताया कि उक्त करवाई पीड़ित प्रेमी जय प्रकाश यादव के भाई ओम प्रकाश यादव के लिखित आवेदन पर थाना कांड संख्या 156/2024 के आधार पर मुकदमा दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(2)/115(2)/117(2)/3(5)के अंतर्गत किया गया है। एसडीपीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की घटना करने वाले को किसी हालत में बख्शा जाएगा। उन्होंने लोगो से जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि इस प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल संबंधित थाना को दे। पुलिस ने घटना में प्रयोग किया गया रस्सी, पेन ड्राइव जिसमे वाइरल वीडियो स्टोर किया गया था तथा रेकॉर्डिंग में प्रयोग किया गया मोबाइल बरामद कर लिया है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सअनि प्रेमदान लकड़ा सहित पुलिस कर्मी शामिल थे।

## स्कूली छात्राओं के बीच किया गया साईकल का वितरण



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के कई सरकारी स्कूल की छात्राओं के बीच बुधवार को साइकल वितरित किया गया। मौके पर उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, जिला परिषद विजय रविदास, B,R,P मनोज पाठक, कल्याण पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे, बच्चों को साइकिल मिलते हैं चेहरे पर काफी खुशी साफ-साफ झलक रही थी, श्री सिंह ने कहा कि साइकल मिल जाने से ग्रामीण छात्राओं को स्कूल आने जाने में अब काफी सहूलियत होगी। इसके अलावा सुदूर ग्रामीण इलाके की छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाए शत प्रतिशत धरातल पर उतरने से शिक्षा की क्षेत्र में तेजी से विकास हो पाएगी ऐसे में योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

## बीडीओ सत्यम कुमार गरीबों से राशि ठगने के लिये जनप्रतिनिधियों को मिलाकर आतंक मचाये हुये हैं : राम चन्द्र केशरी

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड पांच पंचायतों का एक छोटा सा प्रखंड है.यहां के बीडीओ सत्यम कुमार गरीबों से राशि ठगने के लिये प्रखंड के कुछ पंचायत जनप्रतिनिधियों को मिलाकर आतंक मचाये हुये हैं. जिले के उपायुक्त से शिकायत करने जिले से जांच दल का गठन कर दिया जाता है,लेकिन जांच तो होता नही है.और यदि जांच होता भी है तो जांच दल को बीडीओ अपने मेल में करके जांच टीम को प्रभावित कर देते हैं. जांच होने की सूचना भी किसी को नही होता है.उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने बुधवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही.उन्होंने कहा कि बीडीओ द्वारा जनता से अभद्र व्यवहार करना व पैसे की उगाही के लिये झूठे केसों में फंसाने की धमकी देकर परेशान करने की कई कहानियां है.उन्होंने कहा कि बीडीओ द्वारा खुलेआम कहा जाता है कि हमारा कोई कुछ बिगाड़ नही सकता है.मैं यहां का मालिक हूँ. सभी अधिकारियों को अपने मेल में रखता हूं. उन्होंने कहा कि कई पत्र जिला तथा राज्य सरकार के अधिकारियों को दिया गया,लेकिन स्थानीय स्तर पर रिपोर्ट नही देना या फिर दिया भी जाता है तो कार्रवाई नही होने जैसा रिपोर्ट होता है.जिला का ज्ञापांक380 दिनांक 20 जून 2024 के आलोक में 23 जून 2024 को सगमा प्रखंड के ग्राम घघरी,चैनपुर व बेलिया में जांच हुआ है.जांच में घघरी तक सगमा बीडीओ भी शामिल हुये,जो आपत्ति दर्ज करने के बाद उनको घघरी के बाद रोक दिया गया.अभी तक उस जांच का रिपोर्ट नही आया है.उन्होंने कहा कि बीडीओ कुछ दिनों के लिये सगमा प्रखंड के साथ साथ धुरकी प्रखंड के प्रभार में भी थे.धुरकी प्रखंड के प्रभार लेते ही आतंक मचाना शुरू कर दिया.जनता के साथ तरह तरह का अभद्र व्यवहार करना तथा रात दिन नाजायज बालू पार कराने के चक्कर मे ही रहते थे.उन्होंने कहा कि एक बार धुरकी बीडीओ खुटिया पंचायत के ग्राम परास पानी खुर्द के रास्ते हड़ही पहाड़ में 10 बजे रात्रि को नाजायज बालू पार करा रहे थे.इसी बीच गुप्ता गोंड अपने थ्रेसर से मनदीप प्रजापति के यहां से गेहूं काटकर मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे, इसी बीच बीडीओ व उनके टीम के लोग उनको पकड़ लिये और बिना कुछ कहे उनकी पिटाई लाठी डंडे से इतना किया कि उसका हाथ टूट गया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया.गुप्ता गोड़ होश में आने पर अपने घर के लोगो को सूचना दिया।

## महिलाएं और बच्चें के प्रति हो रहे अपराध को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी व पुलिस कर्मियों के द्वारा बुधवार के खैरादोहर पंचायत के लकड़ाही बाजार और हाई स्कूल सरईहीह की प्रांगण मे महिला समिति, बाल विकास समिति के सदस्यों एवं पंचायत की मुखिया, प्रमुख व अन्य जन प्रतिनिधि के साथ शिविर का आयोजन किया। इस शिविर थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि महिलाएँ और बच्चें के प्रति हो रहे अपराधों के प्रति चर्चा किया। वही पर उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि घरेलु हिंसा, खुद की सुरक्षा, अपराधों की विरोध तथा नये क्रिमिनल लॉ के तहत बदलाव के बारे मे बताया। उन्होंने मौजूद लोगों से अपील किया है कि प्रशासन आपकी मदद के लिए हर समय तत्पर है और रहेगी। मौके पर जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, सरईहीह पिकेट प्रभारी, विधालय के प्रधानाध्यापक श्री शिव पूजन सिंह,मुखिया प्रतिनिधि श्री धनंजय प्रसाद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी के समेत अन्य जनप्रतिनिधि, समाज सेवी के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।

## टीम सूर्या ने हुसैनाबाद में एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम की शुरुआत की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह व संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश राजवंशी ने की। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरुआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश राजवंशी के मार्गदर्शन ने सभी 22 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हरि सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शुरुआत करने के बाद अन्य प्रखंडों में भी युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक कर एक बूथ दस यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाई जाएगी। बैठक में योगेंद्र कुमार सिंह, विनय पासवान के अलावा सैकड़ों युवा शामिल थे।

### स्कूल के समय पर शिक्षक व बच्चें रहें नदारद

## गांव के बच्चें पर स्कूल का ताला सौंपकर शिक्षक सुदामा चौधरी गए शराब का सेवन करनें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बरांव पंचायत के करमाहा टोला का उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय करमाहा चैनपुर 2 का प्रमुख गायत्री देवी ने निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बच्चें व शिक्षक स्कूल से नदारद मिले और वहीं शिक्षक सुदामा चौधरी ने गांव का एक छोटा सा बच्चा विक्की कुमार पर स्कूल का जिम्मेदारी सौंप कर शराब का सेवन करने के लिए स्कूल से गायब हो गए। इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने विक्की कुमार से शिक्षक सुदामा चौधरी के बारे में जानकारी ली तो उसने कहा कि सुदामा चौधरी का प्रतिदिन का यहीं रवैया हैं बच्चें पर स्कूल छोड़ कर शराब पीने के लिए चले जाते हैं तो, मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने डीएसई रंधीर कुजूर को फोन कर जानकारी दी जिस पर डीएसई ने कहा कि ऐसे लोगों पर जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अबुआ आवास में मुखिया द्वारा पैसा लेने का हुआ खुलासा

## मुखिया द्वारा पैसा लिए जाने से किया गया इनकार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार जतन चाहे जितना कर ले, जनप्रतिनिधि, सरकारी कर्मी अपने कारनामे से बाज़ नही आ रहे है। मामला कोलझिकि ग्राम से अबुआ आवास का है। जिसमे लाभुक द्वारा मुखिया के ऊपर अबुआ आवास कराने के नाम पर बीस हजार रूपये की मांग किया गया था।जिसमे दस हजार रूपये ले भी लिए गये।जब लाभुक के खाते में आवास का पहला क़िस्त तीस हजार रुपये आ गया।तब मुखिया के द्वारा शेष दस हजार रुपये मांगा जाने लगा।लाभुक द्वारा यह कहने पर की अगला क़िस्त में देंगे।अभी दे देंगे तो पीलिंथ कैसे करेंगे।इस पर मुखिया द्वारा आवास कैंसिल कराने की धमकी दिया जाने लगा।तब इस मामले का खुलासा हुआ।हालांकि लाभुक द्वारा नगर उंटारी थाना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उपायुक्त को इसकी लिखित जानकारी दे दिया गया है।जब कि लाभुक द्वारा अभी तक अबुआ आवास के पीलिंथ का कार्य नही पूरा करने पर उन्हें नोटिस भी दिया गया है।

**क्या है मामला**

मामला है अबुआ आवास कराने के नाम पर मुखिया अजय गुप्ता द्वारा अबुआ आवास के नाम पर कोलझिकि ग्राम के लाभुक लीलावती कुँवर से बीस हजार रुपये मांगने का है।जिसमे बतौर लाभुक दस हजार रुपये दे भी दिया गया है। शेष दस हजार रुपये न देने पर मामला बढ़ गया।

**कैसे हुआ मामले का खुलासा**

अबुआ आवास के लाभुक लीलावती कुँवर द्वारा शेष दस हजार रुपये देने में आनाकानी करने पर मुखिया अजय गुप्ता द्वारा अबुआ आवास कैसिल कराने की धमकी दिए जाने पर मामले का खुलासा हुआ। लाभुक द्वारा पैसा मिलने के बाद भी अबुआ आवास का पीलिंथ तक का कार्य पूरा नही करने पर बीडीओ द्वारा नोटिस भेजा जाना भी इस मामले में आग में घी का कार्य किया।जिससे लाभुक को लगा कि मुखिया द्वारा उसका आवास कैंसिल न करा दिया जाए। जिससे आनन फानन में लाभुक द्वारा नगर उंटारी थाना,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर तथा जिले के उपायुक्त को आवेदन दे कर कार्रवाई की मांग किया गया है।

**क्या कहा कोलझिकि पंचायत के मुखिया अजय गुप्ता ने**

जब कि पंचायत के मुखिया अजय गुप्ता से इस मामले में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि लाभुक द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि लाभुक लीलावती कुँवर का मेरे गोतिया से जमीन का विवाद है।इसी कारण वह मुझे फ़साने की साजिश कर रही है।उन्होंने कहा कि जिस समय अबुआ आवास हो रहा था उस समय में मुखिया भी नही था।यह आरोप सरासर गलत है।

## मुंह बोले बच्चों का हक डकारने में लगे कोटा दाल मिल के संवेदक : प्रमुख गायत्री देवी

### समय से पहले बंद हो जाते हैं आंगनबाड़ी केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ओडनार पंचायत के टोला हरिनामाड़ में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 4 का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान 11 बजे ही सेविका द्वारा बच्चों को छूटी कर दिया गया था। प्रमुख ने सेविका से पूछताछ किया तो सेविका माया देवी ने कहा कि गलती हो गई अब छूटी कभी समय से पहले नही करेंगे।वहीं छह माह से तीन वर्ष के बच्चे को दिया जानें वाला टीएचआर बैग के बारे में जानकारी लिया तो सेविका माया देवी ने कहा कि पिछले एक वर्ष से टीएचआर बैग का स्थिति दयनीय हैं कभी भी हमलोगों को टीएचआर बैग का टीएचआर प्राप्ति चालान जो दिया जाता है। उसके अनुसार टीएचआर बैग नहीं दिया जाता हैं और खुला पाउच कभी दिया ही नहीं गया और जब इसकी जानकारी सुपरवाइजर को दिया तो सुपरवाइजर ने कहा कि ठीक हैं। अगर ऐसा कर रहा है तो उसपर कारवाई की जाएगी। लेकिन आज तक उसपर कारवाई किसी प्रकार की नहीं की गई और संवेदक द्वारा मनमानी ढंग से टीएचआर बैग हमेशा की तरह आंगनबाड़ी में वितरण किया जा रहा हैं। हमलोग अधिकारियों के पास टीएचआर बैग के बारे में गुहार लगाते थक चुके है। दूसरी तरफ़ महुगांवा पंचायत के टोला फुलचंदनगरी का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 का सेविका संगीता देवी ने कहा कि टीएचआर बैग पिछले एक वर्ष से इसी तरह पोषाहार प्राप्ति चालान के अनुसार में दिख रहा है। छह बैग पर धरातल पर सेविका को दो ही बैग दिया जा रहा हैं। बताया कि कभी दो बैग तो कभी चार बैग संवेदक द्वारा दिया जा रहा है। जब इसकी जानकारी सुपरवाइजर को दिया तो सुपरवाइजर ने कहा कि इस संबंध में संवेदक से बात करेंगे। प्राप्ति चालान के अनुसार कुल बैग अगले बार से मिलना चालू हो जायेगा, लेकिन आज तक सुधार नहीं हुआ। वहीं जनवरी माह का टीएचआर बैग जुलाई माह में दो बैग संवेदक द्वारा दिया गया और खुला पाउच पिछले कुछ वर्षो से दिया ही नहीं जा रहा हैं। इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी जांच के दौरान कई जगहों पर टीएचआर बैग का शिकायत मिली हैं अगर इसी तरह संवेदक का रवैया और बच्चों व गर्भवती महिला का हक़ संवेदक द्वारा हड़पा जाता रहा तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर करेंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

## झारखंड के नये खेल निदेशक संदीप कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**रांची।** झारखंड के खेल निदेशक संदीप कुमार ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण किया। पूर्व खेल निदेशक सुशांत गौरव ने उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। सुशांत गौरव ने संदीप कुमार को मोरहाबादी के बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में स्थित खेल निदेशालय परिसर का भ्रमण किया। मौके पर उप निदेशक खेल मनीष कुमार, साझा के संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा समेत विभाग के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यभार संभालने के बाद खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में सरकार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसपर वो खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना है. उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे।

## 101 वृक्षों का रोपण करने का निर्णय लिया गया : राजीव रंजन

**रांची** । झारखंड छात्र परिषद के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर माँ के नाम एक वृक्ष कार्यक्रम के तहत रांची के विभिन्न क्षेत्रों में 101 वृक्षों का रोपण करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे । वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत राजधानी राँची स्थित स्वामी विवेकानंद सरोवर से राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा की गई । मिश्रा ने सभी राजधानीवासियो से माँ के नाम एक वृक्ष लगाने का आवाहन किया एवं उस वृक्ष को बचाने की भी अपील की । मिश्रा ने बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सभी लोगो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्ष लगाने की अपील की । कार्यक्रम में लंकेश सिंह , उपेंद्र रजक , राजीव सिंह , इंदर सिंह ,मो परवेज , रंजीत पासवान , मो अकबर , जितेंद्र साहू , प्रदीप कुमार , पंकज पासवान , चंदन कुमार , अविनाश पासवान ,बीरू पासवान , अमन कुमार , सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# एसएसपी के निर्देश पर रांची में चला ड्रंक एंड ड्राइव और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के निर्देशानुसार, रात्रि में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण हेतु यातायात और जिला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ड्रंक एंड ड्राइव सह एन्टी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना,नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना औरअपराधियों पर लगाम कसना था।अभियान के तहत, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई और संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया,ब्रेथ एनालाइजर से चेक किया गया, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही, विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कठोर कदम उठाए गए। रात्रि अभियान के दौरान, पुलिस ने कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। इस चेकिंग अभियान का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि आपराधिक गतिविधियों पर भी रोक लगाना था। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नागरिकों की सुरक्षा हेतु पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि अपराध दर में भी गिरावट आएगी। राँची पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपकी जागरूकता और सहयोग से ही हम एक सुरक्षित और अपराध-मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।सड़क पर सुरक्षा, सुरक्षित रास्ता! यातायात नियमों का पालन करें, जीवन बचाएं। आपका जीवन अनमोल है, जिम्मेदारी से गाड़ी चलाएँ। संकेतों का पालन करें, जुर्माने से बचें।

## आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मुहर्रम जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया : सेंट्रल मोहर्रम कमेटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**

रांची। मुहर्रम को लेकर रांची में तैयारियां शुरू हो गई है। बुधवार को महानगर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में महानगर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के तत्वावधान में महानगर सेंट्रल मुहर्रम अध्यक्ष और पूर्व वार्ड पार्षद सलाउद्दीन उर्फ संजू और लीलू अली अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मोहम्मद सज्जाद की अध्यक्षता में वर्ष 2024 के मुहर्रम के जुलूस निकाले जाने से सम्बन्धित आवश्यक बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें लीलू अली अखाड़ा से जुड़े लगभग 24 अखाड़ा के खलीफा मौजूद थे। जिसमे सर्वसम्मति से इस वर्ष 2024 के मुहर्रम का जुलूस आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुहर्रम का चांद नजर आ जाने के बाद मुहर्रम से सम्बंधित तमाम कार्यक्रम पूर्व की तरह प्रत्येक अखाड़े व इमामबाड़े में आयोजित किए जाएंगे एवं इस वर्ष के मुहर्रम को सफल बनाने हेतु प्रत्येक अखाड़ा धारियों के लिए गाइड लाईन भी जारी कर दिया जाएग। इस बैठक में महानगर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सलाउद्दीन उर्फ संजू,उपाध्यक्ष रजी अहमद उर्फ राजा,महासचिव मोहम्मद शकील, सचिव मोहम्मद इनामुल, सचिव मोहम्मद कासिम, प्रवक्ता मोहम्मद चांद को बनाए जाने की घोषणा की गई। बैठक में मुख्य रूप से रांची महानगर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के उपाध्यक्ष रती अहमद उर्फ राजा, मोहम्मद शकील, बाबू, फिरोज खान, आजाद कुरेशी, राजू,जफर,शाद इनामुल समेत रांची महानगर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सदस्य गण मौजूद थे।

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 14वीं बैठक आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 14वीं बैठक 04 जुलाई 2024 को रांची में आयोजित की गयी है।

इसे लेकर उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम के लिए की जाने वाली तैयारी की जानकारी देते हुए उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलास्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है।

बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी गयी। उन्होंने कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं संपर्क पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए कर्तव्य निवर्हन का निदेश दिया।

बैठक में सम्मिलित होनेवाले पदाधिकारियों का प्रोटोकॉल के अनुसार स्वागत, विदाई एवं आवश्यकतानुसार अल्पाहार भोजन आदि की सुविधा, वाहन की उपलब्धता, आवासन व्यवस्था के साथ चार जुलाई को होटल रेडिशन ब्ल्यू में निर्धारित बैठक हेतु पूरी तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

## संजय सेठ ने एनसीसी कैडेटों के विजयी अभियान दल को दिखाई हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 03 जुलाई, 2024 को न्यू में आयोजित एक समारोह में माउंट कांग यात्से-द्वितीय (लद्दाख) के लिए एनसीसी कैडेटों की विजयी अभियान टीम को हरी झंडी दिखाई। रक्षा राज्य मंत्री इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने प्रतिकूल मौसम जैसी कई बाधाओं का सामना करने के बावजूद उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने के लिए कैडेटों की सराहना की। इस तरह के अभियान से कैडेटों में नेतृत्व, लचीलापन और टीम वर्क के मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कैडेटों से 2022 में एनसीसी रैली में प्रधान मंत्री के संबोधन से सीख लेने का आह्वान किया जब उन्होंने कहा था कि एनसीसी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के कारण ही वह राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को पूरा करने में सक्षम हैं।एनसीसी पर्वतारोहण अभियान दल में 27 लड़की और लड़के कैडेट, 05 अधिकारी और 17 स्थायी प्रशिक्षक कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने 21 जून, 2024 को माउंट कांग यात्से-द्वितीय (6250 मीटर) पर अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। कैडेटों ने उच्च ऊंचाई के प्रतिकूल प्रभावों को प्रबंधित किया कठोर प्रशिक्षण, अनुकूलन और चिकित्सा सहायता। बर्फ से लदी चोटी पर चढ़ने के दौरान, कैडेटों को प्रतिकूल मौसम की स्थिति, भारी बर्फबारी, तेज हवाओं और कम तापमान का सामना करना पड़ा, जिसे उन्होंने पूरी दृढ़ता, समर्पण और साहस के साथ पार कर लिया।एनसीसी ने हमेशा अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में साहसिक गतिविधियों को प्राथमिकता दी है। पर्वतारोहण अभियान का उद्देश्य कैडेटों के बीच सौहार्दपूर्ण और दृढ़ता की भावना पैदा करना, उन्हें उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों में भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

## रॉयल रेसिडेंसी में देह व्यापार में शामिल फरार लोगों की तलाश में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेसिडेंसी में पुलिस ने देह व्यापार की सूचना पर छापेमारी की थी। छापेमारी में पुलिस ने 9 लड़कियों और होटल के मालिक हरमीत सिंह उर्फ प्रिंस और होटल मैनेजर मिथुन गोराई को गिरफ्तार किया था। जिन्हें सोमवार को कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पकड़ी गई लड़कियों में अधिकांश पश्चिम बंगाल की है। इन लड़कियों ने पुलिस को जानकारी दी कि उन्हें अलग अलग दलाल राँची बुलाते थे। इनमें साहिल उर्फ राजा, राज, वासिक उर्फ वासु, कुमार, सूरज राणा,समर सिंह उर्फ विक्रम सिंह और सुजीत शामिल है। ये सातों फरार है। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने होटल में छापेमारी के दौरान 23 आधार कार्ड, होटल का डीवीआर और कस्टमर रजिस्टर को भी जब्त किया है। पकड़ी गई लड़कियों ने पुलिस को यह भी बताया है कि उन्हें दलाल राँची लाते थे और अलग अलग लोकेशन व होटलों में ले जाते थे। इसके एवज में प्रति रात के हिसाब से 2500 से 3000 रुपए दिया जाता था।

## यदि फॉगिंग नहीं हो रही है तो हेल्पलाइन नंबर 18005701235 पर करें संपर्क : निगम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** रांची नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले के इलाके में फॉगिंग नहीं हो रही है तो इसकी शिकायत दर्ज करा सकते है। निगम ने इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया है। जिनसे आप सीधे कॉल कर संपर्क कर सकते है। शिकायत करने के बाद फॉगिंग के लिए टीम आपके इलाके में पहुंच जाएगी। बता दें कि मानसून के आने के बाद से ही रांची नगर निगम ने इस बार कमर कस ली है। वहीं डेंगू-मलेरिया से निपटने के लिए एहतियातन पहले से तैयारी की जा रही है। कुछ साल पहले डेंगू और मलेरिया का आउटब्रेक रांची में हुआ था। उस समय सैकड़ों की संख्या में मरीज सामने आ रहे थे।नगर निगम ने पूरे शहर में फॉगिंग के लिए रोस्टर तैयार किया है। इसके बाद भी कई इलाकों में फॉगिंग नहीं किए जाने की शिकायतें मिल रही है। निगम ने हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है। जिसमें 18005701235, 9431104429 कंट्रोल रूम का नंबर दिया गया है, जिससे कि लोग फॉगिंग नहीं होने की शिकायत दर्ज करा सकेंगे।नगर निगम क्षेत्र में 53 वार्ड है। जहां सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर निवास कर रहे है। ऐसे में जाहिर है कि हर किसी के घर में निगम की टीम नहीं पहुंच सकती, इसलिए लोगों से अपील की जा रही है कि अपने घरों में जल जमाव किसी भी हाल में न होने दे। जल जमाव के कारण ही मच्छर पनपते है।

## शिबू सोरेन परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊः बाबूलाल

### सीएम चंपाई सोरेन को बार-बार किया अपमानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झामुमो कांग्रेस राजद विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को फिर नेता चुने जाने पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि झामुमो में शिबू सोरेन परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊ है। शिबू सोरेन परिवार जब जैसा चाहे उसका उपयोग करेगा और फिर उसे दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंकेगा।उन्होंने कहा कि 5 महीना पहले परिवारवाद से ऊपर उठकर मुख्यमंत्री चुनने की बात करने वाले झामुमो का आज फिर असली चेहरा उजागर हो गया। कहा कि यह झामुमो के अन्य आदिवासी नेताओं केलिए यह सबक है। उन्हें अपनी सीमा रेखा समझ लेनी चाहिए ।उन्हें समझ लेना चाहिए कि वे केवल शिबू सोरेन परिवार की पालकी ढोने केलिए हैं। ऊंची उड़ान भरना उनके नसीब में नहीं।मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन जी आज राज्य के मुख्यमंत्री हैं लेकिन पद पर रहते हुए उन्हें बार बार अपमानित किया गया। आज बैठक की अध्यक्षता करने के बावजूद उन्हें किनारे बैठाया गया।इसके पूर्व लोकसभा चुनाव के दौरान रांची में हुई इंडी एलायंस की रैली में भी उन्हें मंच पर किनारे जगह दी गई जबकि परिवार की बहु कल्पना सोरेन बिना कोई पद के भी मंच के बीच में बैठी। यहां तक कि चंपई सोरेन के भाषण के बीच ही मंच पर उपस्थित पार्टी के नेता उठकर जाने लगे थे।उन्होंने कहा कि आज कोल्हान के टाइगर को चूहा बना दिया गया।

## हिंदू समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : संजय जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय जायसवाल एवं हिंदू संगठन के लोगों ने बुधवार को पहाड़ी मंदिर प्रांगण में विरोध-प्रदर्शन किया । मौके पर जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। हिंदू समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार हिंदुओं का अपमानित करते रहते हैं। संसद में जिस तरह से हिंदुओं को हिंसक बताया और भगवान शिव की तस्वीर लेकर राजनीति की यह निंदनीय है। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान भाजपा और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की सदन की सदस्यता रद्द करने और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज करने की मांग की। कार्यकताओं ने पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया और राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

## झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए जस्टिस बीआर सारंगी

**रांची ।** जस्टिस बीआर सारंगी (विद्युत रंजन सारंगी) झारखण्ड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। 28 दिसंबर 2023 से झारखण्ड उच्च न्यायालय में चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। 27 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गयी, सिफारिश के बाद ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस डॉ बीआर सारंगी को झारखण्ड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## डीपी ज्वेलर्स लूटकांड मामले में रांची पुलिस बिहार और ओडिशा में कर रही छापेमारी, छह हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** राजधानी के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के समीप डीपी ज्वेलर्स में हथियार के बल पर हुई लूटपाट के मामले में रांची पुलिस की टीम ने लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए बिहार और ओडिशा के कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि लूट मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि अपराधी जो बाइक छोड़ फरार हुए थे, उस बाइक का नंबर हावड़ा के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस की टीम उस व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है। लुटेरों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद एक बाइक को एयरपोर्ट रोड में छोड़ दिया था। इसके बाद लुटेरे दूसरी बाइक से फरार हो गए थे। पुलिस को आशंका है कि जब्त की गई बाइक चोरी की है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लूट मामले का खुलासा करने के लिए एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी टीम में सिटी एसपी राजकुमार मेहता, तीन डीएसपी, सात थाना प्रभारी और 16 सब-इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है। टीम लगातार लूटेरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में 28 जून को चार अपराधी हथियार के बल पर लगभग 1.50 करोड़ के आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में संचालक ओम वर्मा के बयान पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लूटपाट के दौरान संचालक को अपराधियों ने गोली मार दी थी। इससे वह घायल हो गये थे।

## कोडरमा मॉब लिंचिंग के मुजरिमो की तत्काल गिरफ्तारी हो : इमारत ए शरीया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड में मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इमारत ए शरीया बिहार, उड़ीसा और झारखंड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना मोहम्मद शिबली काशमी ,मुफ्ती अनवर कासमी काज़ी इमारत शरिया रांची, कारी अंसारुल्लाह इमाम मदीना मस्जिद रांची,हारून रशीद ने इमारत ए शरीया में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 30 जून 2024 को मौलाना शहाबुद्दीन थाना जयनगर,जिला कोडरमा के निवासी मौलाना शहाबुद्दीन,बसरावो गांव थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग के मस्जिद के इमाम थे।

नमाज एवं बच्चों को पढ़ाकर अपने घर दोपहिया वाहन से लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कटिया में उनके दो पहिया वाहन से एक महिला को हल्का सा टच हो जाने का बहाना बनाकर कुछ लोग जो अल्पसंख्यक समुदाय से नफरत करते हैं, झुंड बनाकर उन पर घातक हथियारों से हमला कर उनकी मोब्लिचिंग कर हत्या कर दी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में आए दिन अलग-अलग जगह में लगातार मॉब लिंचिंग की घटना घट रही है। जनरल सेक्रेटरी मौलाना मोहम्मद शिवली काशमी ने कहा कि इस घटना की तुरंत मामला दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। इमारत ए शरिया बिहार, उड़ीसा और झारखंड की एक टीम घटनास्थल और पीड़ित परिवार के गांव गई और मॉबलिंचिंग से परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार का चेक दिया। उन्होंने कहा कि शहीद इमाम शहाबुद्दीन के परिवार को अधिकतम आर्थिक सहायता राशि झारखंड सरकार दे, और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि हमारी टीम जब घटनास्थल पर पर गई तो वहां के लोगों ने कहा कि स्थानीय थाना इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।उन्होंने झारखंड सरकार से मामलेचिंग समेत अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर झारखंड सरकार से ध्यान देने की मांग की।

## कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की हिरासत अवधि 15 तक बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। इजहार अंसारी, इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसपर ईडी की विशेष अदालत संज्ञान ले चुकी है। बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड रुपए के कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है।

## भक्तिवेदांत गुरुकुल विद्यालय कुटाम में शेड निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबलिटी (सीएसआर) पहल के तहत समाजिक उत्कृष्टता कार्यक्रम के अंतर्गत भक्ति वेदांत गुरुकुल आश्रम में शेड निर्माण का शिलान्यास प्लांट प्रमुख श्री रोहित चौरसिया एवं अरुण कुमार राय मानव संसाधन हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी की गरिमामयी की उपस्थिति में किया गया।यह आश्रम सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुटाम मुरी में स्थित है। इस परियोजना के माध्यम से हमारी संबंधित योजनाओं को अधिक विस्तार देने का अवसर प्राप्त हुआ है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर विभाग ने इस परियोजना को समर्थन दिया है, जिससे भक्ति वेदांत गुरुकुल आश्रम के शिक्षा- प्रशिक्षण कार्यों को सुधारने में मदद मिल सके।यह शेड आश्रम के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए एक सुविधाजनक स्थल प्राप्त करेगा।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों ने व्यक्तिगत रुप से भक्ति वेदांत गुरुकुल आश्रम के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त की है। इस परियोजना से स्थानीय समुदाय को भी लाभ प्राप्त होगा और यह समाजिक उत्कृष्टता पहल विशेषता शिक्षा और सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। हिंडाल्को भविष्य में भी इस प्रकार की सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगी। इस शिलान्यास कार्यक्रम में हिंडालको के पवार प्लांट हेड नवनीत श्रीवास्तव, सीएसआर हेड अनिल सिंह,सहायक महाप्रबंधक अविषेक प्रताप सिंह एवं गुरुकुल के अस्तोका कृष्ण दास, करुणावतार गौर दास,सुबल दास,विजय दास समेत गांव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रथम प्रसव पूर्वाजांच को लेकर सख्त निर्देश

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रथम प्रसव पूर्वाजांच को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में प्रगति लायें। उन्होंने कहा की गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण का कार्य ससमय करें। गर्भवती महिलाओं का एचआईवी और सिफिलिस का सही समय पर जांच करें। उन्होंने कहा कि जिले के जिन पंचायत में सेक्स रेश्यो कम और उन पंचायतों को चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। परिवार नियोजन को लेकर आमजनों को जागरूक करने का निर्देश दिये। अनीमिया मुक्त को लेकर सभी स्कूली बच्चों को शत-प्रतिशत दवा देना सुनिश्चित करेंगे। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ दीपक के द्वारा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस को लेकर विस्तार से जानकारी दिया गया। उपायुक्त ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस को लेकर विशेष रूप कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आहर्ता रखने वाले बच्चियों को लाभ देने का निर्देश दिये। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मातृ योजना का लाभ देने को कहा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ रंजीत कुमार,जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमन समेत संबंधित विभाग के पदाधिकारी

# सांप्रदायिक शक्तियों का उन्मूलन और मांडर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि सांप्रदायिक शक्तियों का उन्मूलन और मांडर क्षेत्र के सभी पांच प्रखण्डों का तीव्रता के साथ विकास ही कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है. श्री तिर्की ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज तक झारखण्ड के साथ ही यहाँ के आदिवासियों, मूल वासियों,अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के साथ ही कुल मिलाकर झारखण्ड के सभी लोगों के विकास के लिये कभी भी सच्चे मन से काम किया और ना ही कभी इसमें रुचि ली बल्कि उसने हर निर्णायक मौके पर झारखण्ड और यहाँ के लोगों के साथ विश्वासघात किया है.आज राजधानी के दालादली चौक स्थित दुल्हन बैंक्विट हॉल में आयोजित मांडर विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि वर्तमान समय बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ जोखिम से भी भरा है पर अच्छी बात है कि यह समय अवसरों से भी भरा हुआ है. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर की जा रही लापरवाही किसी भी हाल में स्वीकार नहीं होगी क्योंकि कांग्रेस के लिये न केवल झारखण्ड बल्कि पूरे देश में जनहित के प्रति समर्पित होकर काम करते रहना ही हम सभी कांग्रेसियों की सबसे बड़ी जरूरत है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जब-जब अवसर मिला है तब-तब उसने मांडर के सभी प्रखण्डों का और यहाँ के लोगों का तीव्र गति से आर्थिक एवं सामाजिक विकास हुआ है जबकि भारतीय जनता पार्टी को जब-जब अवसर मिला उसने लोगों के साथ विश्वासघात ही किया है. इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव ने यह प्रमाणित कर दिया है कि मांडर में कांग्रेस पार्टी एक परिवार की तरह है और वह एकजुट होकर न केवल अपनी बल्कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करने और लोगों की तरक्की के लिये उन्हें हर संभव अवसर उपलब्ध कराने की ताकत रखती है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि मांडर के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही स्वयं उनके लिये भी मांडर, एक विधानसभा क्षेत्र न होकर उनके लिये एक परिवार है. सम्मान समारोह में मांडर प्रखण्ड अध्यक्ष मांगा उरांव, चान्हो प्रखण्ड अध्यक्ष मो. ईश्तियाक, इटकी प्रखण्ड अध्यक्ष रमेश महली, लापुंग प्रखण्ड अध्यक्ष जयंत बारला, बेड़ो प्रखण्ड अध्यक्ष प्रो. करमा उरांव, ज़मील मल्लिक, शमीम अख्तर, शिव उरांव, फिलिप एक्का, मांडर उपप्रमुख अमानत अंसारी, बेड़ो उपप्रमुख मोदस्सिर हक़, बेड़ो की जिला परिषद सदस्य बेरोनिका, आबिद अंसारी, मो. मोज़ीबुल्लाह, अजित सिंह, दिलीप सिंह, मचकूर सिद्दीक़ी, दिनेश राम, बब्लू ठाकुर, नवल सिंह सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

## कॉमनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट ऋतुल चटर्जी सिल्ली आर्चरी सेंटर में बच्चों को दिया डिप्लोमा ट्रेनिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली आर्चरी सेंटर में सिल्वर मेडलिस्ट ऋतुल चटर्जी बच्चों के बीच रहकर बच्चों को ट्रेनिंग दिया और कहा की यहां के बच्चे काफी मेहनती हैं। मुझे नहीं लगा की यहां के बच्चों में कुछ कमी है। ज्ञात हो की एक महिने पहले कॉमनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट नागपुर मे ए आई एस से परमिशन लेकर डिप्लोमा ट्रेनिंग देने सिल्ली आर्चरी सेंटर आए थे। यहां पर उनका एक महिने का इंटर शिप था। मंगलवार को उनका विदाई समारोह किया गया। तत्पश्चात सेंटर के बच्चों के साथ केक काटकर खुशी जाहिर किया साथ सभी ने मिलकर अंगवस्त्र एव गिफ्ट देकर उनका विदाई किया। सिल्ली आर्चरी को कोषाध्यक्ष सह अंतराष्ट्रीय कोच शिशिर महतो ने सर का धन्यवाद दिया और कहा की आप यहां आए और बच्चों को काफी कुछ सिखाएं। ऐसे ही हमारे बीच आकर और भी कुछ कुछ जानकारियां देते रहेंगे।ऋतुल चटर्जी ने कहा मुझे सिल्ली आकर आप लोगों के बीच रहकर बहुत ही अच्छा लगा यहां के बच्चे सबसे आगे है सिल्ली का नाम देश विदेश तक फ़ैला हुआ है यहां के बच्चे जहां भी जाएंगे अपना नाम और सिल्ली का नाम रोशन जरुर करेंगे।

## भाजपा नेता धीरेन्द्र शर्मा ने बूथ स्थांनतरित की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के भाजपा नेता धीरेन्द्र कुमार शर्मा ने हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिखकर बचरा उत्तरी पंचायत के अर्न्तगत आने वाले बचरा बस्ती के बुथ संख्या 100 को बचरा दक्षिणी पंचायत मे स्थांनतरित करने की मांग की है।पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा और बड़कागांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बचरा उतरी पंचायत के बचरा बस्ती मे बुथ नम्बर 100 मे बचरा बाजारटांड़ व बिशुझापा के मतदाता है।ऐसे मे बचरा बस्ती मे बुथ होने से मतदाताओ को करीब दो किलोमीटर की दुरी तय कर मतदान के लिए बचरा बस्ती जाना पड़ता है,जिससे मतदाता को काफी परेशानी होती है और कई मतदाता मतदान से वंचित रहते हैं, जिसके कारण वोट प्रतिशत में भी काफी कमी रहती है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व यदि बुथ संख्या 100 को बचरा दक्षिणी पंचायत में स्थानांतरित कर दिया जाए तो बचरा बाजारटांड़ और बिशुझापा के मतदाताओं को मतदान करने में राहत होगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी बुथ स्थांनतरित करने को लेकर आवेदन दिया जा चुका है लेकिन कोई पहल नहीं की गई है।

## सड़क दुघर्टना में एक की मौत, एक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम सड़क दुघर्टना में बाइक सवार की मौत हो गई एवं एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड के पिस्का निवासी सोनू बेदिया उम्र लगभग 25 वर्ष एवं खेरडीह निवासी प्रकाश महतो उम्र लगभग 24 वर्ष अपने बाइक से जोन्हा बजार गया हुआ था।शाम के समय लौटने के क्रम में कोचाजारा के पास एक खड़ी ट्रक को पिछे से टक्कर मार दिया।इस जोरदार टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम भेज दिया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत सोनू बेदिया को मृत घोषित कर दिया गया। एवं घायल प्रकाश महतो का इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया गया। सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए रिम्स भेज दिया गया।

# सुधरने का नाम नहीं ले रहे कोडरमा जिले के स्वास्थ्य विभाग के कर्मी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के सरकारी अस्पतालों के कर्मियों की काली करतूतों से लोगों का विश्वास उठने लगा है जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मियों की काली करतूत एक के बाद करके सामने आने लगा है. इस बाबत जहाँ एक ओर कोडरमा सदर अस्पताल में विगत 21 जून को फर्जी डाक्टर बन महिला मरीजों के साथ छेड़छाड़ करने का मामला अभी शांत भी नहीं हआ था, वहीं दूसरी ओर कोडरमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा में भी एक कम्प्यूटर अपरेटर के द्वारा थार्ममीटर लगाने के नाम पर एक महिला से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया जहाँ आरोपी युवक को पकड़ कर पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है. इसके अलावे भी कोडरमा सदर अस्पताल के एक कर्मी पर ओटी में गलत हरकत को लेकर उक्त कर्मी को ओटी से हटा दिया गया था. बहरहाल ताजे मामले को लेकर कहा जा रहा है कि कोडरमा प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में बेहोश पड़ी महिला मरीज के साथ छेड़छाड़ करते कंप्यूटर ऑपरेटर को पकड़ा गया है. इस बाबत बताया जाता है कि करमा की एक महिला बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुई थी.जहाँ मंगलवार दोपहर में उसका सफल ऑपरेशन भी चिकित्सकों के द्वारा किया गया. जिसके बाद महिला अस्पताल के बेड पर बेहोश पड़ी थी. इतने में शाम के वक्त स्वास्थ्य केंद्र का कंप्यूटर ऑपरेटर चंदन महिला का बुखार जांच करने थर्मामीटर लेकर पहुंचा और उस क्रम में महिला के साथ छेड़खानी की घटना को इंजाम दिया. हद तो तब हो गई जब विरोध करने पर महिला के पति की पिटाई भी कर दी गई. आरोपी ने महिला के पति का मोबाइल भी छीन लिया और मोबाइल में सबूत को डिलीट भी कर दिया था.इस बाबत बताया जाता है कि महिला के पति को जब ऑपरेटर पर शक हुआ तो वह छेड़छाड़ की पूरी घटना अपने मोबाइल में सबूत के तौर पर कैद करने लगा. इसी बीच कंप्यूटर ऑपरेटर से पूछताछ की गई तो ऑपरेटर महिला के पति पर भी भड़क उठा. इतने में जब महिला के पति ने छेड़छाड़ का वीडियो मोबाइल में कैद कर लेने की बात कही तो आपरेटर चंदन महिला के पति का मोबाइल लेकर भागने लगा और भागने के क्रम में बारिश के कारण वह गिर पड़ा. जिसके बाद महिला के पति ने वहां मौजूद लोगों की मदद से कंप्यूटर आपरेटर चंदन को पकड़ा।

## डीसी ने की आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के आयोजन को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम (ए बी पी ) के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान का आयोजन को लेकर बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग नई दिल्ली के दिशा- निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम दिनांक 01.07.2024 से लेकर दिनांक 30.09.2024 तक किया जाना निर्धारित है। जिसके तहत जिले के आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर प्रखंड में सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर 100त्र सैचुरेशन करना है। आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एवं एजुकेशन विभिन्न 6 बिंदुओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए 100 प्रतिशत सैचुरेशन करना है। हेल्थ एंड न्यूट्रिशन के अंतर्गत उपायुक्त महोदया ने गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत (एएनसी ) रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन कराना की दिशा में समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। एग्रीकल्चर अंतर्गत सॉइल हेल्थ कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी को शत प्रतिशत कृषकों का मृदा जांच करते हुए कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही। आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो व जयनगर अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एवं सोशल डेवलपमेंट से संबंधित 6 इंडिकेटर पर शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

## बचरा सीआईएसएफ कैम्प मे उप समादेष्टा कार्यालय का हुआ उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा एक नंबर स्थित सीआईएसएफ बचरा कैंप में बुधवार को सीआईएसएफ के उप समादेष्टा के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस मौजूद थे।सीआईएसएफ के उप समादेष्टा उपेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने दोनों अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया।जिसके बाद जीएम सीबी सहायक और कमांडेंड संदीप कुमार एस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद जीएम सीबी सहाय और कमांडेंड संदीप कुमार एस ने स्थानीय सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ बैठक की,जिसमें कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।ज्ञात हो कि सीआईएसएफ कैंप बचरा में उप समादेष्टा कार्यालय के खुल जाने के बाद अब पिपरवार यूनिट के सीआईएसएफ अधिकारियों एवं जवानों को लाभ मिलेगा।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय,सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस,उप कमांडेड उपेन्द्र सिंह,इंस्पेक्टर संतोष नेगी,सुमन तिवारी, दिवाकर कुमार चौधरी, सिविल इंजीनियर शुभम कुमार सहित सीआईएसएफ के कई अधिकारी,जवान और सीसीएल अधिकारी मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों संग की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय खूँटी के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा के द्वारा मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों संग बैठक किया गया। बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने बताया कि दिनांक 01.07.2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए राज्य में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरण यथा Pre-revision Activities and Revision Activities होगी। Pre-re1ision गतिविधियों के लिए दिनांक- 24.07.2024 तक की अवधि निर्धारित है। तत्पश्चात् दिनांक- 25.07.2024 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा। दावें एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25/072024 से 09/08/2024 तक, दावों और आपत्तियों का निपटान 19/08/2024 तक किया जाएगा। दिनांक- 20.08.2024 को एकीकृत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान Special Campaign आयोजित करने हेतु विभिन्न तिथियों का भी निर्धारण किया गया है। इनमें विशेष अभियान दिवस 27/07/2024(शनिवार), 28/07/2024(रविवार), 03/08/2024(शनिवार) एवं 04/08/2024 (रविवार) को निर्धारित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टियों के संग बूथ शिफ्टिंग के विषय पर चर्चा की गई एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति या दूरी अधिक होने से संबंधित जानकारी ली गई। सभी राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की भी अपील की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाता सूची और भी प्रभावी ढंग से तैयार किया जा सकेगा। बैठक में फॉर्म 8 के माध्यम से पुराने वोटर आईडी को रिप्लेस कर नए वोटर आईडी कार्ड बनवाने को लेकर भी चर्चा की गई। साथ हीं बीएलओ द्वारा किए जा रहे हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन के दौरान मृत मतदाता के नाम को हटवाने में सभी से सहयोग करने की अपील की गई। जिससे बोगस वोटिंग जैसी चीजों को पूर्णतः रोका जा सके।़स्ष्ठ के तहत शिफ्टेड वोटर, जो काफी वर्षो से जिले से बाहर रह रहे है, ऐसे मतदातओं को चिन्हित कर मतदाता सूची से नाम हटाने में भी सहयोग करने को कहा गया।

## ग्रामीणों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत वनो की संरक्षण के लिए लगाया साइन बोर्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम करमटांड मे ग्राम सभा एवं वन अधिकार समिति द्वारा संयुक्त रूप से जंगलों को बचाने के लिए अभियान चलाया गया। जिसके तहत अधिसूचना साइन बोर्ड गांव के चारो सीमाओं में लगाया गया। वन अधिकार समिति के अध्यक्ष कामेश्वर गंझू ने बताया की सरकार ने सभी गांव में एक अभियान के तहत छः माह पूर्व वन अधिकारी समिति का गठन कराया है।जिससे सभी ग्रामीणों में जागरूकता आया है।वनभूमि पर अधिकार के लिए सामूदायिक वन पट्टा दावा किया जाना है,जिसके बाद वन भूमि का प्रबंधन और संरक्षण ग्राम सभा सुनिश्चित करेगी।संसद द्वारा पारित कानून भी कहता की गांव की वन भूमि गांव के लोग ही बचायेंगे।कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी जागरूक किया गया।कार्यात्रम मे बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों द्वारा जल जंगल जमीन बचाने के स्लोगन तख्ती लिये शामिल हुए।ज्ञात हो कि सरकार द्वारा प्रचार प्रसार किए जाने पर सुदीरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण अब जागरूक हो रहे हैं।मौके पर झारखंड जंगल बचाओ वन अधिकार मंच के सदस्य सूर्यमनी टाना भगत, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष कामेश्वर गंझू,सचिव करूणा ज्योति तिर्की, रूपलाल कुमार महतो, बालमिदिन कुजूर,अंगद कुमार महतो,अजय कुमार महतो,विश्वनाथ गंझू,प्रकाश गंझू,हेवंन्ती देवी,सुशीला देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पियर्सन ने वेरांडा रेस के साथ मिलकर शुरू की बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर प्रेपरेशन सीरीज



**जमशेदपुर/ रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुनिया में शिक्षण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, पियर्सन (एफटीएसईः पीएसओएन.एल), भारत में बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर (बैंक पीओ) परीक्षा के लिए एक व्यापक और हाइब्रिड टेस्ट प्रेपरेशन सामग्री पेश करने के लिए वेरांडा लर्निंग उद्यम और परीक्षा तैयारी क्षेत्र के जाने-माने नाम, वेरांडा रेस के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रही है। अनुमान है कि भारत में 30 लाख से अधिक छात्र सालाना बैंक पीओ परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। 8 किताब और डिजिटल आकलन सहित यह व्यापक टेस्ट प्रेपरेशन सीरीज, मॉक पेपर्स के साथ डिज़ाइन की गई है जो आईबीपीएस और एसबीआई द्वारा आयोजित प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और क्लर्क के लिए प्रवेश परीक्षाओं के लिए फिट हैं।पियर्सन इंडिया के कंट्री हेड, विनय कुमार स्वामी ने कहा, हम बैंक पीओ परीक्षा श्रेणी में प्रवेश कर अपने प्रसिद्ध परीक्षा तैयारी पोर्टफोलियो का विस्तार कर रोमांचित हैं, जिसमें एनईईटी, आईआईटी-जेईई, यूजीसीऔर यूपीएससी पहले से ही शामिल हैं। वेरांडा रेस के साथ साझेदारी करने से हमें अपनी पेशकशों को और मज़बूत करने तथा विविधता लाने का मौका मिलेगा, जिससे हमारे छात्रों को और अधिक मदद मिलेगी। परीक्षा की प्रेपरेशन सीरीज में रोज़ाना करेंट अफेयर्स, सेक्शनल टेस्ट, फुल-लेंथ मॉक टेस्ट, पिछले साल के हल किए गए प्रश्नपत्रों और खुद तैयारी के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट और क्विज़ के साथ ई-लाइब्रेरी तक पहुंच जैसी सुविधाएं शामिल हैं। ये किताबें प्रमुख खुदरा विक्रेताओं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों https://shorturl.at/gvkAs से खरीदी जा सकती हैं।

## पटमदा बाजार स्थित मां दौड़ासिनी की प्राचीन मूर्ति अस्थाई रूप से दुर्गा मंदिर में किया गया स्थापित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा बाजार स्थित श्री श्री मां दौड़ासिनी की सदियों पुरानी मूर्ति बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात बगल में मौजूद श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में अस्थाई रूप से स्थापित कर दी गई। इस संबंध में मंदिर कमेटी के सदस्य दीपक कुमार दत्त ने बताया कि दशकों पुरानी मंदिर जर्जर होने की वजह से वर्तमान में मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसलिए निर्माण कार्य पूरा होने तक दुर्गा मंदिर में ही देवी माता की नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री श्री मां दौड़ासिनी माता की भव्य मंदिर का निर्माण किया जाना है इसके लिए क्षेत्र के भक्तों का विशेष योगदान है। मौके पर पुजारी विजय कुमार सिंह, श्वेतवाहन सिंह, देवेंद्र नाथ सिंह, त्रिशंकु सिंह, पूर्ण सिंह, मुखिया परमेश्वर सिंह, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, मनोज सिंह, मेघनाथ माहली, दीपक कुमार दत्त, शशधर रूहिदास, पतित पावन दत्त, अनंत हालदार, चंडी चरण दत्त, उदय कुमार दत्त, शिशुलाल किस्कू, चित्तरंजन दत्त, भवानी दास, अशोक दास, प्रफुल्ल सिंह, ओमप्रकाश अग्रवाल, ज्योति सिंह व क्लिप सिंह आदि मौजूद थे।

## शादी समारोह में पर्यावरण संरक्षण और महिला स्वास्थ्य का दिया अनोखा सन्देश



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनोंदिन महंगे व भव्य होते जा रहे वैवाहिक समारोहों के दौरान सामाजिक संदेश देने की प्रथा यदा-कदा ही देखी जाती है। इस बीच जिले के गम्हरिया प्रखंड अन्तर्गत नेंगटासाई गांव में आयोजित सुनील महतो व श्वेता महतो के विवाह समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण व महिला स्वास्थ्य का अनोखा संदेश देखने को मिला जिसकी चर्चा समारोह में आए मेहमान भी करते दिखे। समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़े को शुभकामना देने पहुंचे पैडमैन के रूप में पहचान बना चुके निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने पीपल का पौधा और पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी पैड उपहार के रूप में भेंट किया। उन्होंने बताया कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन से धरती पर जीवन के लिए प्रतिकूल स्थितियां उत्पन्न होती जा रही हैं। इससे बचने के लिए हम सभी को मिलकर धरती पर हरियाली बढ़ाने और मानवीय क्रिया-कलापों से होने वाले प्रदूषण को कम करने का प्रयास हमें करना होगा।

## क्षेत्र में व्याप्त जलसंकट को लेकर पंसस पूजा सिंह ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत छोटा गम्हरिया पंचायत में व्याप्त भीषण जलसंकट को लेकर पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह ने गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में शीघ्र समुचित कदम उठाने की मांग किया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि छोटा गम्हरिया पंचायत में जलमीनार खराब होने के कारण विगत कई माह से जलापूर्ति ठप्प है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद इसपर कोई ध्यान नहीं दिया जाना दुखद है। बताया गया है कि गम्हरिया प्रखंड के सभी पंचायतों में ऐसी ही समस्याएं व्याप्त हैं। उन्होंने इसकी जांच कर यथाशीघ्र इसके समाधान के लिए समुचित कदम उठाते हुए लोगों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने की मांग की। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिले के उप विकास आयुक्त को भी प्रेषित की गई है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 15 लाभुकों को मिला पशु

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत कुल 15 लाभुकों को 90 फीसदी अनुदान के तहत 15 यूनिट (04 बकरी एवं 01 बकरा) पशुधन का वितरण किया गया। कुचाई प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वैष्णवी इंटरप्राइज रांची के द्वारा कुल 15 लाभुकों को जीप सदस्य जींगी हेंब्रम, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान माझी, अंचल अधिकारी ?सीला उरांव एवं पशुपालन पदाधिकारी मोनिका मार्डी ने संयुक्त रूप से चार बकरी एवं एक बकरा का वितरण किया गया।

### उपायुक्त अनन्य मित्तल ने की लंबित नीलाम पत्रवाद की समीक्षा बैठक

# बड़े बकायेदार चिन्हित कर अग्रेत्तर कार्रवाई के दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने लंबित नीलाम पत्र वादों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों की सुनवाई को अपने रूटीन कार्यों में शामिल करने की बात कही।

**लंबित वाद की नियमित समीक्षा कर ऋण वसूली की प्रक्रिया में लायें तेजी**

28 नीलाम पत्र पदाधिकारियों के पास कुल 15780 वाद लंबित हैं जिनमें बकाया 565 करोड़ रू. से ज्यादा की है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि 10-10 बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर संबंधित मामलों की नियमित सुनवाई करें तथा प्राथमिकता के आधार पर प्रतिमाह अधिक से अधिक मामलों में ऋण वसूली की कार्रवाई करें । सभी जिलास्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्गत वारंट, प्राप्त आपत्तियों, नोटिस तामिला हेतु लंबित मामलों आदि के संबंध में भी अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में सभी संबंधित पदाधिकारियों को रजिस्टर का मिलान करने तथा थाना के स्तर से कार्रवाई को लेकर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय बनाने का निर्देश दिए। साथ ही बैंकिंग संस्थानों एवं पक्षकारों के बीच वादों से संबंधित अधतन प्रतिवेदन को नीलाम पत्र पदाधिकारियों से साझा करने एवं समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, एलआरडीसी गौतम कुमार, एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो, एसडीओ धालभूम पारूल सिंह, सीओ जमशेदपुर सदर मनोज कुमार, सीओ मानगो, पोटका, गुड़ाबांदा एवं घाटशिला समेत अन्य सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी उपस्थित थे।

## होटल राहुल पैलेस सभागार में मना वन महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल बाजार स्थित होटल राहुल पैलेस सभागार में समाजसेवी-सह झारखंड आंदोलनकारी स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम के पहल पर आज वन महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में चांडिल प्रखंड के सैकड़ों विद्यालयों के शिक्षक सम्मिलित हुए। आयोजन का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने वन महोत्सव, वन क्षेत्र तथा वनों के संरक्षण के महत्व एवं प्रचार -प्रसार पर संक्षिप्त परंतु अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा किया गया। शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता ने सुखराम हेंब्रम के इस महत्वाकांक्षी प्रयास के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। आयोजन के अंत में सुखराम की ओर से सैकड़ो विद्यालयों के लिए हजारों फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस आयोजन में शिक्षक संघ के जिला महासचिव सुदामा माझी, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव रमन रंजन महतो, वरिष्ठ शिक्षक गदाधर महतो, संजय कुमार श्रीवास्तव ,राकेश गुप्ता सहित सैकड़ो शिक्षकों के साथ-साथ समाज सेवी विश्वनाथ मंडल, अरूण सिंह सरदार,करमू सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा सोनारी ने कपड़े का बैग बांटकर मनाया अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर सोनारी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व मे सोनारी एयरपोर्ट मार्केट में लोगों को जागरूक करते हुए उन सभी के बीच प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग को अपने रोजमर्रा की जिंदगी से हटाकर कपड़े की थैली का प्रयोग किये जाने का सुझाव दिया गया। इस दौरान सभी को कपड़े का बैग भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णा सिंह, राहुल भट्टाचार्जी, अभिषेक दै, सतेन्द्र सिंह यादव, संजय रजक, उज्जवल सिंह, रमेश प्रसाद, काजल मुखर्जी, मनोज मिश्रा, अरविंद शर्मा, अमर दास, तापश नन्दी, शर्मा जी,विजय कुमार, रासबिहारी, संजय राज, राहुल, सन्नी, वंटी सिंह मौजूद रहे।

## 10 माह पुराने मामले में बारूडीह के वार्ड सदस्य को बोड़ाम पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत भूला गांव में प्लस टू हाई स्कूल के समीप स्थित एक आदिवासी जमीन पर चल रहे विवाद में पूनम देवी के बयान पर 6 लोगों के खिलाफ पिछले साल 15 सितंबर को बोड़ाम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसी मामले में बोड़ाम पुलिस ने मंगलवार की देर रात पटमदा थाना क्षेत्र के बारूडीह गांव निवासी वार्ड सदस्य चन्दन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। बताते हैं कि उसी मामले में पिछले साल ही भूला गांव निवासी भूतनाथ सिंह को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जो कुछ दिनों के बाद ही जमानत पर रिहा किए गए थे। इस मामले में अभी 4 और आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है।

## विधायक दशरथ गागराई ने हेमंत सोरेन की आकर्षक पेंटिंग भेंट की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां के झामुमो विधायक दशरथ गागराई ने रांची में पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन से मुलाकात की. 148 दिन के बाद जमानत मिलने पर हेमंत सोरेन से मिलकर खरसावां विधानसभा की जनता की ओर से शुभकामनाएं दी। इस दौरान दोनों नेताओं में क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई. इस दौरान दशरथ गागराई ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पेंटिंग भेंट की।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला दूरसंचार समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला दूरसंचार समिति की बैठक हुई । बैठक में मोबाईल टावर अनापत्ति संबंधी कुल 47 मामले रखे गए जिनमें 9 को स्वीकृत एवं 10 को रद्ध किया गया। साथ ही संबंधित सेवा प्रदायी कंपनी को 15 आवेदन वापस किए गए। वहीं 3 मामले ऐसे थे जिनमें सेवा प्रदायी कंपनी को एक दिन में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया गया। शेडो एरिया में बीएसएनएल टॉवरों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 77 स्थानों पर मोबाईल टावर अधिष्ठापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष 15 स्थानों पर कार्य प्रगति पर है । 8 स्थानों पर क्षेत्रीय समस्या होने के कारण कार्य प्रगति में बाधा आ रही है, जिसका निराकरण करने के लिए अपर उपायुक्त को निर्देशित किया गया। जिला उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारीयों को भविष्य में ससमय विस्तृत स्थल जांच कर प्रतिवेदन हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही समिति के सभी सदस्यों को पोर्टल पर अपलोड आवेदनों को जांचोपरान्त शीघ्र अपना मंतव्य प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। किसी स्तर पर कार्य में शिथिलता पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। बैठक में अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने वर्षो से प्रतीक्षारत प्लस टू विद्यालय के पीजीटी शिक्षकों के स्थानांतरण के संबंध में शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह के नाम सोमवार को पत्र लिखा है। पत्र में 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में पदस्थापन हेतु वर्तमान विभागीय आदेश के तहत मांगे गए आवेदन के संबंध में संगठन की आपत्तियों से अवगत कराया गया है। श्री ठाकुर ने विभाग द्वारा वर्ष 2012 में नियुक्त पीजीटी शिक्षकों को गृह जिला में पदस्थापन से वंचित रखने के फलस्वरूप उत्पन्न शिक्षकों की विभिन्न परेशानियों से सचिव को अवगत कराया है। पत्र में 24 जून 2024 को जारी विभागीय पत्रांक 2133 के संदर्भ में जो शिक्षक 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय में कार्य करने को इच्छुक हैं, उन्हें विकल्प चुनने का अवसर दिए जाने का स्वागत किया गया है, परंतु जो उन विद्यालयों में कार्य करने को इच्छुक नहीं हैं, उन्हें अन्य सामान्य विद्यालय चुनने का विकल्प नहीं दिए जाने पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया गया है। इसी प्रकार जो शिक्षक मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में पदस्थापित हैं तथा जिनका बेहतर परीक्षा परिणाम रहा है, उन्हें पुनः उन्हीं विद्यालयों में पदस्थापन हेतु आवेदन देने को बाध्य किए जाने से उत्पन्न संशय एवं उहापोह से विभाग को अवगत कराया गया है। संघ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 5 की संदर्भित कंडिका का उल्लेख करते हुए हाल के दिनों में स्थानान्तरण के पश्चात जो शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय या आदर्श विद्यालय में नियुक्त हुए हैं, उन्हें पुनः नए विद्यालय में स्थानान्तरण के लिए बाध्य किए जाने पर अफसोस जाहिर किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शिक्षक हित में पत्र लिखे जाने का सभी सदस्यों ने स्वागत किया है।

## सीआईआई मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट के 11वें संस्करण का आयोजन 5 जुलाई को

### - उद्योग जगत के लीडर्स, नीति निर्माता और विशेषज्ञ एक मंच पर होंगे





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय उद्योग परिसंघ 5 जुलाई को जमशेदपुर के द क्रूज में सीआईआई मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट के 11वें संस्करण का आयोजन कर रहा है, जिसका विषय फ्यूचर रेडी टू फ्यूचर प्रूफ मैन्युफैक्चरिंग है।सीआईआई मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा, जिसमें उद्योग जगत के लीडर्स, नीति निर्माता और विशेषज्ञ विनिर्माण क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, नवाचारों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएंगे।व्यावहारिक पैनल चर्चाओं, मुख्य भाषणों और नेटवर्किंग सत्रों की योजना के साथ, इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य सार्थक आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना है, जो राज्य और क्षेत्र में विनिर्माण के भविष्य को आकार देगा।कमल बाली, प्रेसिडेंट एवं प्रबंध निदेशक, वोल्वो ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विशेष अतिथि होंगे। सम्मेलन को संबोधित करने वाले अन्य प्रमुख वक्ता में सुवेंद्र बेहरा, अध्यक्ष, सीआईआई पूर्वी क्षेत्र और उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लि., पृथिश चौधरी, उप प्रबंध निदेशक, टीटागढ़ रेल सिस्टम लि. रंजोत सिंह, अध्यक्ष, सीआईआई झारखंड राज्य परिषद और प्रबंध निदेशक, एमडेट जमशेदपुर प्राइवेट लि. रवींद्र कुलकर्णी, प्लांट हेड - जमशेदपुर, टाटा मोटर्स, रामफल नेहरा, निदेशक और प्लांट हेड, टाटा कमिंस प्राइवेट लि. उज्जल चक्रवर्ती, प्रबंध निदेशक, जेसीएपीसीपीएल संजय सभरवाल, प्रबंध निदेशक, मेटलवर्क इंडस्ट्रीज, सौरभ वर्मा, प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार, बीसीजी, आनंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, टाटा हिताची, सरजीत झा, चीफ बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज एंड डिजिटल, टाटा स्टील होंगे। सम्मेलन के दौरान सीमाओं से परे व्यापारः वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ फिर से जुड़ना, भविष्य के व्यापार के लिए भविष्य की तकनीकः आज, कल और उससे आगे के लिए एक बुद्धिमान विनिर्माण की ओर, समावेशी और टिकाऊ विनिर्माणः आगे का रास्ता पर चर्चा होगी।

## उपायुक्त के निर्देश पर युवाओं के बीच चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर शहरी क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेषकर युवाओं को लक्षित कर चलाये गए इस अभियान में ट्रैफिक डीएसपी एवं एमवीआई के साथ सड़क सुरक्षा के सदस्य शामिल हुए । मौके पर युवाओं को सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई साथ ही दो पहिया वाहन चालक एवं उनके सहयात्री को हेलमेट लगाने एवं चार पहिया वाहन सवारों को सीट बेल्ट लगाने हेतु समझाया गया।जागरूकता अभियान के दौरान युवाओं को लाइसेंस प्राप्त करने के नियम एवं तरीको के बारे में अवगत किया गया। 18 वर्ष के पूर्व बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, घायलों की सदैव मदद करने, इमरजेंसी वाहनों को रास्ता देने, यातायात सिग्नल तथा संकेत का पालन करने, वाहनों के पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाने के साथ -साथ सदैव यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

## शहाबुद्दीन की मॉब लिंचिंग के विरोध में आज़ाद समाज पार्टी ने राज्य सरकार का किया पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विगत 30 जून को कोडरमा ज़िले में मौलाना शहाबुद्दीन की मॉब लिंचिंग के विरोध में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी सड़क पर उतर गई है, आज़ाद समाज पार्टी की जमशेदपुर नगर की टीम ने झारखंड सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया और झारखंड सरकार का पुतला फूंका।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि 2017 से झारखंड में मुसलमानो, आदिवासियों और दलितों पर भीड़ तंत्र के द्वारा हमला कर उन्हे जान से मार देने की घटनाएं हो रही है। 70 से अधिक मॉब लीनचिग की घटनाएं पिछले 7 सालों में हो चुकी है, मौजूदा झामुमो कांग्रेस राजद गठबंधन ने 2019 विधानसभा चुनाव में अपने घोषणा पत्र में मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून बनाने का वादा किया था, पर 5 साल होने को है यह मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून नहीं बना पाए, उन्होंने आगे कहा कि झारखंड प्रदेश में पिछली भाजपा की सरकार से तंग आकर यहाँ के मूलनिवासियों ने झामुमो - कांग्रेस - राजद गठबंधन को सत्ता में लाने का काम किया था पर यह सरकार भी यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमानो, ईसाइयों और पिछड़े समाज को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही है।प्रदेश अध्यक्ष ने मॉब लिंचिंग में मारे गए मौलाना शहाबुद्दीन के परिजनों को 50 लाख रु और आश्रित के सरकारी नौकरी देने की मांग की, उन्होंने यह नही कहा कि कोडरमा ज़िले की पुलिस बिना जांच किये और बिना एफआईआर किए इस घटना जो एक्सीडेंट साबित करने में लगी हुई है जो बहुत अफसोस जनक है, उन्होंने बताया कि भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ने आज मृतक मौलाना शहाबुद्दीन के परिजनों से मुलाक़ात कर उन्हें हर संभव मदद करने का आस्वासन दिया। काशिफ़ रज़ा ने कहा कि अगर मौलाना शहाबुद्दीन के हत्यारों को नही पकड़ा गया तो आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी राज्य व्यापी आंदोलन करने के बाध्य होगी।

## मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन व री-अरेंजमेंट को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन और री-अरेंजमेंट को लेकर विभिन्न पंजीकृत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। इस दौरान में उपायुक्त ने जानकारी दी कि द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 01 जुलाई, 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त नें मतदान केंद्र संख्या 146 सामुदायिक भवन, कल्पनापूरी में 1500 से अधिक मतदाता होने पर कुल 149 मतदाताओं को मतदान केंद्र संख्या 148 शिविर नियोजनालय आदित्यपुर (बांया भाग) में सिफ्ट करने तथा मतदान केंद्र संख्या 147 शिविर नियोजनालय आदित्यपुर (दाया भाग), मतदान केंद्र संख्या 148 शिविर नियोजनालय आदित्यपुर (बाया भाग), मतदान केंद्र संख्या 149 एनएसी कार्यालय (दाया भागा) तथा मतदान केंद्र संख्या 150 एनएसी कार्यालय (बाया भाग) के जर्जर भवन को देखते 200 मीटर की दुरी स्थित अटल पार्क स्थित भवन में सिफ्ट करने के प्रस्ताव की जानकारी दी, जिसपर सर्वसहमति से निर्णय लिया गया। इस दौरान उपायुक्त नें अंचल अधिकारी गम्हरिया को अटल पार्क स्थित भवन को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्र संख्या वाली भवन को तैयार कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस के प्रतिनिधि के द्वारा गम्हरिया, खरसावां प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्र के सुव्यवस्थीकरण करने के प्रस्ताव दिए, प्राप्त प्रस्ताव पर उपायुक्त नें उप निर्वाचन पदाधिकारी को जाँचोपरान्त अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए सभी प्रस्ताव को अगले बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, अंचल अधिकारी गम्हरिया कमल किशोर सिंह तथा विभिन्न राजनीतीक दल के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## शिक्षक अगर मेहनत करते है, तो पीढ़ियां बदलती है

# गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सब मिलकर करेंगे कार्य : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला खनिज निधि सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में तकनीकी युग में भारतीय शिक्षा प्रणाली के भविष्य की खोज पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री रमेश घोलप शामिल हुए। वहीं मुंबई से आए ग्लोबल टीचर अवार्ड 2020 के विजेता एवं वर्ष 2016 के इनोवेटिव शोधकर्ता श्री रंजीत डिसले भी वक्ता के रूप में शामिल हुए। सेमिनार प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों का पौधा भेंट कर एवं स्वागत गान के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।सेमिनार में सबसे पहले जिले के शिक्षक, विद्यालय, छात्र/छात्राओं समेत अन्य शिक्षण से जुड़ी जानकारियां सभी के बीच साझा किया गया। साथ ही वक्ता रंजीत डिसले ने अपने जीवन का अनुभव साझा किया इसके अलावे उन्होने कहा मेरे द्वारा बच्चों को किस तरह से पढ़ाई के प्रति रूची बढ़ाई जाय और विद्यालय तक शत प्रतिशत बच्चों को लाया जाय। इसके लिए एक सरकारी शिक्षक होने के नाते हर संभव प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होने अमेरिका के सरकारी विद्यालयों में आधुनिक रूप से छात्र/छात्राओं को शिक्षा दिया जाता है और बच्चे का रूची पढ़ाई के प्रति बढ़ता है। इस संदर्भ में भी उन्होने जानकारी साझा की। उपस्थित जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को कहा हमे पुरा उम्मीद है कि आप लोग यहां से जाने के बाद अपने-विद्यालयों में बच्चों के पठन-पाठन में रूची पैदा करने एवं शत प्रतिशत बच्चों को शिक्षित करने व विद्यालय तक लाने में विभिन्न आयामों को अपनायेंगे।21वीं सदी के बच्चों को पढ़ाने के लिए हम सभी को 21वीं सदी का शिक्षक बनना होगा। अमेरिका के शिक्षण प्रणाली बताने का उद्देश्य था कि आप सभी शिक्षक अपने छात्र/छात्राओं को तकनीक का प्रयोग करके बेहतर तरीको से पढ़ा सके। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के सरकारी विद्यालय से अपनी कैरियर की शुरूआत करने वाले रंजीत डिसले द्वारा जिस तरह से कम संसाधान में तकनीकी का प्रयोग कर बच्चों को शिक्षित बनाने एवं वैश्विक स्तर से जोड़ने में हर संभव प्रयास किया गया है । शिक्षा व्यवस्था में सबसे अहम भुमिका शिक्षक की होती है, मुझे उम्मीद है कि आज आप सभी जिले के शिक्षक सेमिनार के माध्यम से शिक्षा गुणवत्ता की जानकारी लेकर जाएंगे इसे जरूर विद्यार्थियों के बीच पढ़ाई के गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु प्रयोग करेंगे। रंजीत डिसले को सेमिनार में बुलाने का मुख्य उद्देश्य चतरा जिला के शिक्षकों को उत्साहित करना है। अगर गांव के लोग यह समझते है कि यह सरकारी स्कूल नहीं गांव की स्कूल है तो सभी समस्याएं सुधर जाएगी। सभी शिक्षक विद्यालयों के आवश्यकताओं को साझा करें जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन हो सकता है इसमे शिक्षक ही महत्वपूर्ण भुमिका अदा करते है। शिक्षक अच्छा इंसान बनाता है अगर शिक्षक मेहनत करते है तो पीढ़ियाँ बदलती है और अगर एक इंसान मेहनत करता है।

# अफीम तस्कर के आरोपी ने थाना में किया आत्मसमर्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के अफीम तस्कर के आरोपी मंगलवार देर शाम को गिद्धौर थाना में सरेंडर किया है। जिसका नाम हरलाल दांगी के पुत्र नरेश दांगी बताया जा रहा है। बताया गया कि झारखंड सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार द्वारा हिरासत में लिया गया है एवं बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में रखने का निर्देश था।यह निर्देश 16 जनवरी 2024 को निर्गत की गई थी। जिसकी आलोक में नरेश दांगी ने मंगलवार को देर शाम गिद्धौर थाना में सलेंडर किया। जबकि गिद्धौर थाना द्वारा बुधवार को अफीम तस्कर के आरोपी को होटवार जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि नरेश दांगी जमानत पर जेल से बाहर था। परंतु जेल से बाहर आने के पश्चात अफीम ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री में संलिप्त हो गया। जिसकी सूचना पर गृह करा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा नरेश दांगी को हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में रखने का आदेश जारी किया था।

## बिरहू जंगल से सखुआ का पेड़ की कटाई अंधाधुंध जारी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया प्रखंड के बिरहु वन क्षेत्र अंतर्गत बिरहु जंगल से इन दिनों अंधाधुंध सखुआ का पेड़ कटाई कर उसका बोटा बना कर बाहर बेचने का धंधा जोरों पर किया जा रहा है। इस तरह यह धंधा प्रतिदिन दो दो407 वाहनों से बाहर मोटी रकम लेकर बेचा जाता है। हालांकि यह काम में बिरहु वन क्षेत्र के कर्मी भी शामिल है। वन कर्मियों को प्रतिमाह एक मोटी रकम के रूप में 20 से 30 हजार रूपये दिया जाता है। जबकि प्रतिदिन बिरहु जंगल में सखुआ का पेड़ की कटाई की जानकारी संबंधित वन कर्मियों को है। फिर भी रुपए की लालच में इन्हे कोई लेना देना जंगलों से नहीं है। केवल खाना पूर्ति के लिए इधर उधर गरीब असहाय लोगों को धरपकड़ करते नजर आते है। वैसे में केंद्र सरकार से लेकर वन विभाग को लाखों करोड़ों का चुना लगाया जा रहा है और लकड़ी विक्रेता मालोमाल हो रहे हैं।वन विभाग जंगलों और पेड़ों की सुरक्षा के लिए जगह जगह सिपाही से लेकर वन कर्मी तैनात किए है। वन सुरक्षा के लिए वन कर्मियों को प्रतिमाह तनख्वाह दी जाती है। किंतु हैरत की बात है की प्रति वर्ष पौधा लगाने के नाम पर करोड़ों खर्च किया जा रहा है फिर भी जंगलों का दुर्दशा देखने लायक है। ना मिलेगा पेड़ ना मिलेगा पौधा केवल की जाती रही है गोरखधंधा। आपको बता दें की अंधाधुंध पेड़ों को कटाई से जहाँ पर्यावरण पर सीधा असर पड़ रहा है वहीं वर्षा होने में काफी बुरा असर पड़ रहा है। साथ हीं इंशानो को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि पेड़ो की कटाई निरंतर जारी रहा तो आने वाला दिनों में इंशानों को हमेशा ऑक्सीजन खरीद कर लेना पड़ेगा। जिसका जिम्मेवार खुद इंशान होंगे।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, आदिम जनजातियों का हुआ इलाज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जपुआ में निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों के बीच स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर लगाकर निशुल्क जांच किया गया। जहां बिरहोर परिवारों के दर्जनों सदस्यों का हीमोग्लोबिन बुखार जैसे की बीमारियों का जांच की गई एवं निशुल्क दवा दिया गया मौके पर उपस्थित फार्मासीट अनिल कुमार सीएचओ चंचल कुमारी एएनएम संगीता कुमारी सहिया साथी सुचिता देवी सईया उर्मिला देवी एवं इलाज कर रहे बिरहोर परिवार के लोग थे।

# 50 बेड के कोविड आपातकालीन होम की ढलाई में 6/1 का मसाला से की जा रही है ढलाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के सिमरिया में रेफरल अस्पताल के प्रांगण में आपातकालीन कोरोना काल से निबटने के लिए 50 बेड का अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। जहां जमीन ढलाई में 3 बालू और 3 मेटल के साथ एक कड़ाही सीमेंट दिया जा रहा है। जबकि ढलाई के लिए 3/1 का मसाला से ढलाई करना होता है। किंतु सारा नियम को ताख पर रख कर स्वेंदक काम कर रहा है। और तो और एसीसी सीमेंट के जगह बांगुर सीमेंट से ढलाई की जा रही है। वैसे में ढलाई की गुनवता क्या होगी समझने वाली बात है। वहीं ठिकेदार द्वारा अवैध बालुओं का भंडारण किया गया है। एक तरफ गरीब लाचार ग्रामीणों को बालू ढुलाई पर प्रतिबंध लगाते हुए आए दिन धर पकड़ करते हुए ट्रैक्टर चालकों से लेकर मालिको पर मुकदमा किया जा रहा है। वहीं संवेदक द्वारा अवैध बालुओं का भंडारण किया गया है। वैसे में कई तरह का सवाल उठने लगा है।

## पत्रकार कुदुस आलम पर किया गया जानलेवा हमला, हमलावर फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा, गिद्धौर :** प्रखंड के मीडिया अवलोकन अखबार के आंचलिक संवाददाता कुदुस आलम पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया है। यह घटना मंगलवार की देर शाम 7 बजे की है। घायल आंचलिक पत्रकार कुदूस आलम को इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल रेफर किया गया है। इधर आंचलिक पत्रकार कुदुस आलम पर जानलेवा हमला होने की खबर मिलते हीं प्रेस क्लब चतरा के सभी साथी एलर्ट मोड़ में हो गए हैं साथ हीं प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप हॉस्पिटल पहुंच कर मामले की जानकारी ली और बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर करवाया। मामले को लेकर गिद्धौर थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया की मुझे जैसे हीं इस तरह घटना की जानकारी मिली मैं घटना स्थल पहुंच कर पूरा मामले की जानकारी लिया और जानलेवा हमला में संलिप्त हमलावरों को पहचान भी कर ली गई है। इस तरह एक पर एक पत्रकारों पर हमला को लेकर चतरा जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में काफी रोष व्याप्त है। इसकी घोर निन्दा की गई है। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा की इस तरह लगातार पत्रकारों पर हमला होना यानी लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला किया जाना है। अब हम पत्रकार अपने हक अधिकार एवं न्याय के लिए क्यों ना सड़क पर आना पड़ेगा तो हम लोग तैयार है। साथ हीं आंदोलन करना भी पड़ेगा तो भी हम लोग अपने हक अधिकार और न्याय के लिए एक जुट होकर लड़ेंगे और वैसे हत्यारों को सजा दिलाते हुए सुरक्षा व्यवस्था की मांग झारखंड सरकार से करेंगे। आपको बता दें की इस तरह लगातार पत्रकारों पर हमला से पत्रकार संगठनों में काफी रोष व्याप्त है। और अब कुछ कर गुजरने के लिए भी एलर्ट मोड़ पर है। हथियार छोटा बड़ा घाव कर सकता है किंतु कलम को मौत के फंदे पर चढ़ाने के लिए थोड़ी सी इंक की जरूरत होती है। पत्रकारों पर हमला करने वालो होश में आ जाओ वर्ना कलम तुम्हे ढूंढ लेगी।

## अवैध लकड़ी लदा एक ट्रैक्टर जब्त, तस्करों में हड़कंप

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतापपुर थाना क्षेत्र में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है, जहां टीम ने चपका अस्कल के जंगल से वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लकड़ी से लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है. हालांकि इस मामले में भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची तो माफिया भाग खड़े हुए, हालांकि अवैध लकड़ी से लदा ट्रैक्टर जरुर जब्त कर लिया गया। बता दें कि प्रतापपुर के विभिन्न वन क्षेत्रों में लकड़ी तस्कर हावी हैं। गाहे बगाहे ऐसी कार्रवाई से थोड़े दिनों के लिए माफिया शांत होते हैं लेकिन इस पर विराम नहीं लगता। फिलहाल वन विभाग की टीम इलाके में लगातार छापेमारी कर रही है।

## जलमीनार नहीं दे रहा पानी, ग्रामीण मायुस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु पंचायत अंतर्गत पैनियां टोला एतवा परहिया के खेत में 15 वें वित्त मद से पिछ्ले वर्ष जल मीनार अधिष्ठापन किया गया था। जहां जल मीनार का अधिष्ठान पुराने चापानल में जिसमें पानी ना के बराबर है फिर जैसे तैसे पंचायत के मुखिया एवं संबंधित कर्मियों और संवेदक की मिलीभगत से कर दिया गया है हाल यह है कि यहां के ग्रामीण लगभग एक किलोमीटर दूर से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि उक्त चापनल में पूर्व में लगे चार पाइप को भी हटा दिया गया है और मात्र छः पाइप लगाया गया है। ऐसे में देखा जा रहा है कि बिना उपयोगी स्थल का चयन कर सिर्फ सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया है । वहीं सोखता की बात करें तो दो फीट गड्ढा खोदकर बगैर ढक्कन लगाए छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज से जल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

# सड़क दुघर्टना को लेकर एसपी ने किया सभी थानों के थाना प्रभारी व एसडीपीओ के साथ बैठक

## हेलमेट पहने बिना वाहन चलाने वालों का कटेगा चालान : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर सभी थानों के थाना प्रभारी एवं एसडीपीओ के साथ बैठक आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने को लेकर क?ई आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारीयों को सड़क सुरक्षा को लेकर सभी थाना क्षेत्र में विशेष रूप से वाहन चेकिंग एवं वाहन चालकों का नियमित रूप से जांच करने को कहा गया। वाहन जांच में कोताही नहीं बरतने की बात कही गई। इस दौरान एसपी श्री अंजन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में आये दिन लोगों की मौत हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि लोग सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं कर रहे हैं।सबसे ज्यादा अधिकांश मृत्यु हेलमेट नहीं पहनकर गाड़ी चलाने के कारण हुई है। आगे उन्होंने कहा कि कल से लातेहार जिले के सभी जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा।इस दौरान बिना हेलमेट पहनें गाड़ी चलाने वाले लोगों पर सख्त सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं अवश्यक कागजातों के साथ ही घर से निकलने की सलाह दी गई है। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को भी सीट बेल्ट का उपयोग करके ही वाहन चलाने की बात कही। साथ ही आये दिन होने वाले सड़क दुघर्टना में कैसे कमी लाना है। यही सड़क सुरक्षा का एक मात्र उद्देश्य है। साथ ही नशा का सेवन करके वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर यातायात नियमों के तहत कारवाई किया जायेगा।

## चार क्विंटल मक्का का बीज 100 किसानों के बीच वितरण किया



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित कृषि तकनीक केंद्र बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आये 100 किसानों के बीच लगभग चार क्विंटल मक्का के बीच वितरण किये गये। इस अवसर पर प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज एटीएम रौशन कुजूर द्वारा सभी किसान को बीज वितरण किया। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सत्यम सकेत ने बताया की जिस भी किसान को मक्का का बीज लेना है। वे आधार कार्ड, जमीन के रसीद और मोबाईल लाना जरूरी है। रजिस्ट्रेशन करने के बाद मोबाईल में ओटीपी आने के बाद ही बीज ले सकते है।

## अवैध रूप से किया जा रहा है बालू का भंडारण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका थाना क्षेत्र के कोपे एवं जगतु गांव में बालू माफियाओं के द्वारा सैंकड़ों ट्रैक्टर बालू का भंडारण करके रखा गया है। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर औरंगा नदी गुजरी है जहां से बालू व्यवसाय करने वाले बालू माफियाओं ने बालू का भंडारण अवैध तरीके से करके रखे हैं। एनजीटी लागू होने के बावजूद भी बालू माफिया धड़ल्ले से बालू का उठाव कर रहे हैं।

## मोटरसाइकिल से गिर कर दो युवक घायल एक रिम्स रेफर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मेरी जानकारी के अनुसार सत्येंद्र गंझु 20 वर्ष पिता प्रभु गंझु,विकास उरांव 21वर्ष पिता सोमनाथ उराँव दोनो ग्राम बसिया थाना बालूमाथ निवासी दोनो युवक बड़गाँव थानां टंडवा से वापस अपने घर लौट रहे थे ।इसी दौरान गणेशपुर ग्राम के पास ठोकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के कारण गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा किया गया ।वहीं सत्येंद्र गंझु के सर में गंभीर चोट की वजह से बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार में 3 जुलाई 2024 को झारखंड के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। 1 जुलाई से 7 जुलाई तक महाविद्यालय परिसर में वन महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है, इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद एवं महाविद्यालय के व्याख्याता गण प्रोफेसर शत्रुघ्न मेहता, इशरत बानों एवं महाविद्यालय के छात्राएं एवं छात्रों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। एवं चोलहन तीगा धीरज कुमार ने सहयोग किया यह कार्यक्रम आगामी 7 जुलाई तक चलेगी। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने सभी छात्राओं से अभियान चलाने की बात कही। और उन्होंने कहा कि अपने-अपने घरों में अपने मां के नाम से पौधा अवश्य लगाएं अंजू गुप्ता ने कहा कि अपने-अपने घरों में पौधा अवश्य ही लगावें और अपनी माता को सम्मान दें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने वन महोत्सव के अवसर पर सभी छात्राओं को इस पुनीत कार्य में अपने-अपने घरों एवं आसपास में पर्यावरण की सुरक्षा एवं पौधारोपण की अपील की।

# पूर्व विधायक प्रकाश राम ने चलाया जनसपंर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के रजवार पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ मुलाकात की। और भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को फ्री राशन, किसानों को पीएम सम्मान निधि, गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड समेत कई ऐसी योजनाएं चल रही हैं। जिससे गरीब लाभान्वित हो रहे है। झारखंड में वर्तमान में चंपई सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। जिससे आम जनता त्रस्त है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झामुमो के इस भ्रष्टाचारी सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी। मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, संजीत साव, संजीव कुमार उर्फ पप्पू सिन्हा, शैलेश सिंह, रवि सिंह, कैलाश यादव, कृष्णा यादव, रविंदर साव, राजेंद्र उरांव रामकुमार यादव, अशोक प्रसाद साहू, मो.जुनैद, मनोहर साव राजेंद्र चावल, छोटा अर्जुन, सोहराय उरांव, राजेश उरांव, लालजी, कमलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, मासीयातु से उदय यादव, देवपाल साहू, जितेंद्र पकरी समेत कई लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने सदर अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

▶ कर्मियों को लगी फटकार,पंजीयों के अद्यतन न होने व लचर व्यवस्था पर उपायुक्त ने जताई कड़ी नाराजगी, गुणात्मक सुधार लाने के दिए निर्देश

▶ प्रखंड व अंचल कार्यालय को बनाए पब्लिक फ्रेंडली, कल्याणकारी योजनाओं तथा म्यूटेशन के मामले को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

**अंचल और प्रखंड कार्यालय के कार्यों की जांच**

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आए पत्रों के कंप्लायंस,कैशबुक, आवंटन पंजी एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक,सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई एवं इसपर नाजिर एवं प्रधान लिपिक पर शो कॉज करते हुए अन्य को कार्यप्रणाली व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। प्रखंड कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक,सैरात पंजी एवं बंदोबस्त पंजी की अद्यतन स्थिति आदि की जांच उपायुक्त द्वारा की गई। उपायुक्त कार्यालय से आए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी लेने के साथ-साथ उपायुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया।

**उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में कर्मियों की कमी की ली जानकारी**

उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीओ और बीडीओ से कार्यालय में कर्मियों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली। इस पर सीओ ने उपायुक्त को बताया वर्तमान में 8 राजस्व कर्मचारी, पांच लिपिक,5 कंप्यूटर ऑपरेटर तथा 3 अनुसेवक वर्तमान में कार्यरत है,बावजूद इसके कार्यों में लापरवाही पर उपायुक्त ने इसे अत्यंत खेदजनक बताया। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि अंचल व प्रखंड में लंबे समय से कार्यरत कर्मियों की बहुत शिकायत प्राप्त हो रही हैं जल्द ही वैसे कर्मियों का हस्तानांतरण किया जायेगा। उपायुक्त ने सीओ एवं बीडीओ को कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करने एवं क्षेत्र भ्रमण कर तत्संबंधी कार्यों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अंचल अधिकारी मयंक भूषण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी, कर्मी, अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# छड़वा मोहर्रम मेले की तैयारी पर हुई बैठक

**आपसी भाईचारे और सरकारी गाइडलाइन्स के साथ भव्य आयोजन की योजना**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर हजारीबाग रोमी स्थिति होटल कोहिनूर में छड़वा मोहर्रम कमेटी की एक अहम बैठक सदर जनाब मो.मुख्तार अंसारी के अध्यक्षता में की गई. इस बैठक में हजारीबाग अंतर्गत तीन प्रखंड कटकमसांडी ,सदर , इचाक के लगभग दो दर्जन गांव के अखाड़ा के अखाडाधारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए. उपस्थित सभी अखाड़ाधारियों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि सरकार द्वारा प्राप्त सरकारी गाइडलाइन को ध्यान में रखकर त्यौहार को मनाया जाएगा. बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्तार अंसारी ने कहा कि यह मेला सदैव आपसी भाईचारे का मिसाल रहा है विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी ऐतिहासिक भीड़ उपस्थित होने की संभावना है. छड़वा मोहर्रम मेला पूर्व की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक बनाने का सफल प्रयास रहेगा. छड़वा मोहर्रम कमेटी के सचिव नौशाद खां ने कहा की मोहर्रम मेले को सफल बनाने के जिस प्रकार से जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त होता रहा है वह काफी सराहनीय है. शांति सद्भाव बनाए रखने एवं सफल मेले के लिए सभी जाति एवं संप्रदाय के लोगों का अहम योगदान जरूरी है. मेले में हर सम्प्रदाय को सम्मान देने का हम सभी कमेटी के सदस्यों का कर्तव्य है. छड़वा मोहर्रम कमेटी के प्रवक्ता साजिद अली ने कहा कि छड़वा मोहर्रम मेले का आयोजन विगत सैकड़ों वर्षो से छड़वा स्थित छड़वा मैदान में सफलतापूर्वक संपन्न होता आया है जिसमें सभी समुदाय एवं जिला प्रशासन के लोग अहम योगदान देते रहे हैं.

# बरही में निक्षय मित्रों ने टीबी मरीजों को दी पौष्टिक आहार की चौथी किस्त

**बरही एसडीपीओ सुजीत कुमार ने 11 टीबी मरीजों को लिया गोद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बुधवार को 11 निक्षय मित्रों ने 55 टीबी मरीजों के बीच निशुल्क पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस दौरान बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने टीबी मरीजों को टीबी की विस्तृत जानकारी एवं कैसे हम टीबी के लक्षण होने पर जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकते है एवं दवा कैसे प्राप्त कर अपनी जान बचा सकते है इसकी भी जानकारी दी गई। वहीं बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने भी बरही को टीबी मुक्त बनाने के लिए 11 मरीजों को गोद लिया। साथ ही साथ उन्होंने बरही के सामाजिक, राजनीतिक दल एवं मुखिया से निक्षय मित्र बनने का अपील किया है। ताकि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त भारत बनाया जा सके। निक्षय मित्र बनकर टीबी की मरीजों को गोद लेने वालो में बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार, राजीव अग्रवाल ( जे.एस.वी स्टील प्लांट), रवि कुमार गरोड़िया (श्रेष्ठ स्टील प्लांट), संगीता देवी (होटल ए.के. पैलेस), अरुण जैन (स्टील प्लांट), पी. के गर्ग ( राधा गोपाल स्टील प्लांट), राजा छाबड़ा ( डिवाइन स्टील प्लांट), विनय गोणिका ( हैवी स्टील प्लांट) बासुदेव साव ( इंडियन पब्लिक स्कूल), सुनील कुमार दत्ता ( झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल) एवं मुकेश कुमार ( मुखिया प्रतिनिधि करसो) शामिल है। मौके पर बीपीएम नारायण राम, वरीय लिपिक पंकज कुमार आजाद, बिजेंदर सोनी समेत कई अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री श्री शिव परिवार श्री हनुमंत, श्री सीता राम एवं श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा,हजारीबाग सिंदूर अंतर्गत विनोव नगर मे महायज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा भव्य रूप से निकली गई। मंदीर परिसर से 400 से भी अधिक कलश उठा कर महिलाएं, बच्चियों ने नगवां सिवाने नदी तक पहुंची । हर हर महादेव, जय श्री राम, के नारों से गूंजा सिंदूर, नगवां क्षेत्र पुरा भक्तिमय हुआ,जहां पुजारियों द्वारा कलश मे विधि विधान से कलश मे जल भरवाया गया। मुख्य पुजारी के तौर पर अरविंद सिंह,चरशेखर भारती, दिलीप सिंह,नवीन सिन्हा, शंकर सिंह के तौर पर शामिल हुए। तीन जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले इस यज्ञ को विधि विधान से करने के लिए पुरोहित अयोध्या से पधारे है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, कांग्रेस नेता सहित कई लोग उपस्थित होकर कलश यात्रा मे शामिल रहे, यज्ञ को सफल करने हेतु अध्यक्ष, चंद्रमोहन प्रसाद, सचिव, कैलाश सिंह, कोषाध्यक्ष, दिलीप सिंह को बनाया गया है। वहीं वहीं दूसरी और मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्य कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में अपना बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि हमारी बहनों ने सिर पर कलश रख यात्रा में शामिल हुई और यह संदेश दिया कि ऐसे आयोजन से हमारी संस्कृति को मजबूती मिलती हैं। साथ ही कहा कि ऐसे आयोजन से भक्ति भाव का माहौल हर तरफ जागृत होता है विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं मंदिर निर्माण समिति को जिन्होंने इतना बेहतर तरीके से कार्यक्रम को आयोजित किया।

# विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर 16 करोड़ की लागत से पांच सड़कों के निर्माण की स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना के तहत पांच अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्राप्त हुई है। लगभग 16 करोड़ की लागत से पांच पथों का निर्माण होना है। इन सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण- बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सीसीएल उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक 2.300 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण लगभग एक करोड़ की लागत से, डाड़ी मोड़ से मंझली डाड़ी तक 1.860 किमी सड़क लगभग एक करोड़ 71 लाख की लागत से, पुंदौल से मरदुसोती तक 2 किलोमीटर सड़क सुदृढ़ीकरण एक करोड़ 88 लाख की लागत से, टी02 से सुकूलखपिया (तारा पोखर से अंबाजीत) पथ तक लगभग 2.800 किमी सड़क एक करोड़ 93 लाख की लागत से वही केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पतरा से कंडाबेर तक 7.500 किमी सड़क 6 करोड़ 24 लाख की लागत से होना। मौके पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है हर एक कोने में सड़क निर्माण हो रहा है, छोटी बड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम स्तर पर तेजी से जारी है।

# पूर्व विधायक मनोज यादव ने भोला सेनेटरी एंड हार्ड वेयर दुकान का किया उद्घाटन



**बरही :** बरही प्रखंड के देवचंदा मोड स्थित भोला सेनेटरी एंड हार्ड वेयर दुकान का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उद्घाटन किया। पूर्व विधायक श्री यादव ने फीता काटकर दुकान का शुभारंभ करते हुए संचालक जितेंद्र सिंह को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया। इस दौरान पूर्व विधायक ने संचालक जीतेन्द्र सिंह को बधाई देते हुए कहा कि आस पास के ग्रामीणों को अब प्लम्बर एंव हार्ड वेयर के समान के लिए यह दुकान सुविधा प्रदान करेगा। वहीं संचालक जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार के प्लम्बर और हार्ड वेयर के समान थोक तथा खुदरा उचित दाम में मिलगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, खोड़ाहार मुखिया अनीता देवी, केदारूत मुखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, संतोष कुमार, अनिल कुमार, राजकुमार यादव, विक्रम सिंह, वार्ड सदस्य गुलेन्द्र यादव, दीपक कुमार यादव, आशीष यादव सहित कई राजनितिक व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सभी नालियों की साफ सफ़ाई करें ताकि जल निकासी हो : नगर आयुक्त



**हजारीबाग :** बुधवार को नगर आयुक्त शैलेन्द्र कुमार लाल की अध्यक्षता में नगर निगम की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार, अनिल पांडेय ,कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, नगर प्रबंधक राजीव रंजन, मो महफुज आलम, अर्पण इंदवार, सहायक अभियंता आनंद भूषण,कनीय अभियंता , स्ट्रीट लाइन इंस्पेक्टर , प्रधान सहायक, प्रधान जमादार, उपस्थित थे। बैठक में नगर आयुक्त ने मानसून को देखते हुए सभी नालियों की सफाई कराने का निदेश दिया ।जल जमाव को रोकने के लिए अभियांत्रिकी कोषांग को प्लान बनाकर क्रियान्वयन करने को कहा गया।जमादार को सभी नालियों को शीघ्र सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। जमादारों और अभियन्ताओं को संयुक्त रूप से वार्ड भ्रमण कर समस्याओं का निराकरण करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता को चल रही योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने का एवं लंबित योजनाओ को त्वरित टेंडर करने का निदेश दिया।

# बड़कागांव टैक्सी स्टैंड में जल जमाव, आवागमन में घोर परेशानी



**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय जाने वाली मार्ग टैक्सी स्टैंड में विगत कई वर्षो से बारिश के दिनों में पानी का हमेशा जल जमाव होते देखा जा रहा है। बुधवार को भी हुई झमाझम बारिश ने बड़कागांव टैक्सी स्टैंड की पोल खोल दी है। भारी जल जमाव हो जाने के कारण राहगीरों को आवागमन में घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आजसू पार्टी के प्रखंड प्रवक्ता नेता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि हम लोग कई वर्षो से बारिश के दिनों में सड़क पर जल जमाव की परेशानियों को झेलते आ रहे हैं। जब भी जोरदार बारिश होती है तो कई बार दुकानों में भी गंदा पानी भी दुकानों में घुस जाता है। वही ग्रामीणों ने बताया कि नाली के ऊपर अतिक्रमण हो जाने के कारण पानी का निकासी नहीं हो रहा है, जिसके कारण टैक्सी स्टैंड में पानी का जल जमाव हो जा रहा है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी बालेश्वर राम से समस्या की समाधान की मांग की है।

# अन्नदा कॉलेज के शान आरिफ का आईआईएम रांची व राहुल कुमार का आईआरएमए मे चयन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग स्थित अन्नदा कॉलेज के बीबीए विभाग के छात्र शान आरिफ ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) रांची में प्रवेश पाकर अपने परिवार और कॉलेज का नाम रोशन किया है। यह खबर उनके परिवार और शिक्षण संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसी कॉलेज के बीबीए विभाग के एक अन्य छात्र राहुल को प्रतिष्ठित संस्थान आईआरएमए (इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आनंद) में ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम में प्रवेश मिला है। राहुल की इस सफलता ने भी कॉलेज का मान बढ़ाया है। शान और राहुल की इस सफलता में अन्नदा कॉलेज के फैकल्टी सदस्य अमित सिन्हा और डॉ. विवेक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान इन शिक्षकों ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और उनके कौशल को निखारने में मदद की। प्रिंसिपल नीलमणि मुखर्जी ने शान और राहुल दोनों को बधाई देते हुए कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे कॉलेज के छात्रों ने आईआईएम रांची और आईआरएमए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाया है। यह सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है । उन्होंने बीबीए विभाग को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी। यह दोनों ही समाचार अन्नदा कॉलेज के लिए गर्व का विषय हैं। शान और राहुल की इस सफलता ने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। रांची और आईआरएमए में प्रवेश उनके करियर में एक नया मोड़ साबित होगा और उन्हें अपने सपनों को साकार करने का मौका देगा।

# जिला स्तरीय सुब्रतो कप 2024-25 सफलतापूर्वक संपन्न

▶ बोकारो एवं चतरा के बीच हुआ फाइनल

▶ बोकारो बना 9-0 से विजेता, चतरा उप विजेता तथा धनबाद तीसरा स्थान पाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय सुब्रतो कप 2024-25 का खेल सफलता पूर्वक संपन्न होने के पश्चात प्रमंडल स्तरीय खेल का आयोजन कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक सुमन लता टोपनो का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती टोपनो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ,जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं एवं मुख्य अतिथि ने रंगीन गुब्बारा छोड़कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया । इसके पूर्व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियों ने मार्चपास्ट कर अगुवाई किया और स्वागत नृत्य प्रस्तुत की। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल में उत्कृष्टता के साथ प्रदर्शन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है।खेल की भावना से प्रेरित होकर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया जाय। मुख्य अतिथि ने अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के कर्णधार है और समुन्नत खेल के लिए हर संभव प्रयास सरकार कर रही है ।कर्जन ग्राउंड में भाग लेने वाले टीम अपना नाम एवं सोहरत प्राप्त करें। आज कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बन रही थी। आज की प्रतियोगिता में 7 जिले भाग लिए। जिसमे धनबाद कोडरमा में धनबाद 5-0 से , चतरा रामगढ़ में चतरा 1-0 से,बोकारो गिरिडीह में बोकारो 7-0 से विजई होकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया वही हजारीबाग बाई प्राप्त कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। सेमीफाइनल का पहला मैच बोकारो हजारीबाग के साथ खेला गया जिसमे बोकारो 9-0 से जीत प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया वहीं दूसरा सेमीफाइनल चतरा एवं धनबाद में हुआ जिसमे चतरा 2-1 से विजयी होकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रकार फाइनल का खेल बोकारो एवं चतरा के बीच खेला गया जिसमे बोकारो 9-0 गोल से विजेता बना। प्रमंडल स्तरीय खेल का संचालन अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीला लकड़ा ,संजय तिवारी शैलेंद्र कुमार ,कुमार पी गौरव के निर्देशन में कार्यक्रम के सफल संचालन हेतू खेल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह,सुनील कुमार यादव, पवन कुमार,किशोर कुमार, गोविंद गुप्ता,अनिल दास,अश्विनी श्रीवास्तव,मृत्युंजय वैष्णो,अनुप कुमार सुरेंद्र कुमार महावीर महतो,उमेश कुमार दास,राजन ग्रूम, पंकज कुमार, प्रिया कुमारी संजू कुमारी चांदनी वर्मा, किरण, कुमारी, कुंवर प्रसाद,सागर कुमार ,अमित शर्मा,अभिनव गुप्ता,प्रमोद कुमार संतोष पटेल ,दीपक मेहता अनिरुद्ध राणा विरेंद्रयादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा । विधि व्यवस्था में सीआरपी प्रविंद कुमार सिंह, ओमप्रकाश कुमार ,अजय नारायणदास, अभय कुमार, संतोष कुमार गौतम प्रभु साव, श्रीकांत कुमार, आनंद कुमार, मुकेश कुमार अनुपमा रानी, ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन व भवन परिवर्तन के प्रस्ताव पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मतदान केन्द्रों के रेशनलाइजेशन के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में विधानसभावार मतदान केन्द्रों के भवन व नाम परिवर्तन पर चर्चा किया गया तथा तथ्यात्मक रिपोर्ट से अवगत कराया गया। 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के 2 मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन, 21 बरही के 1 मतदान केंद्र,24 मांडू से 1 मतदान केंद्र सहित कुल 4 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मतदान केंद्र के भवन/ स्थल परिवर्तन के मामले पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्थल निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भवन स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है,जिसमें 20- बरकट्ठा से बारह,21- बरही से आठ,24 -मांडू से 42 और 25- हजारीबाग से 31 समेत कुल 93 भवन परिवर्तन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। स्थल या भवन परिवर्तन वाले मतदान केंद्रों की सूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई गई है,सभी सदस्यों की सहमति के उपरांत उपरोक्त संख्या के अनुसार मतदान केंद्रो के भवन/स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव को विभाग भेजा जाएगा। प्रतिनिधियों द्वारा अपार्टमेंट/ सोसायटी में रहने वाले मतदाताओं की बड़ी संख्या के मद्देनजर नए मतदान केन्द्र नजदीक में चिन्हित करने का सुझाव दिया गया जिसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संवेदनशीलता से विचार करते हुए यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई। उन्हें अवगत कराया गया कि हाउस टू हाउस सर्वे कार्य जारी है। मतदाता पहचान पत्र में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को बदलकर कलर फोटो लगाया जाना है। एब्सेंट/शिफ्टेड/मृत मतदाताओं को चिन्हित कर मतदाता सूची से उनके नाम का विलोपन करना, जर्जर मतदान केंद्रों का सर्वे किया जा रहा है, उक्त को लेकर मतदाताओं के बीच जागरूरता लाने एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात सभी सदस्यों से की गई ताकि स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण किया जा सके। बैठक में उपायुक्त के अलावा, उप निर्वाचन पदाधिकारी,मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, बरही एसडीओ जोगन टुडू समेत राजनीतिक दलों से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया से गणेश कुमार सीटू, भारतीय जनता पार्टी से विशेषांक,इंडियन नेशनल कांग्रेस से अनिल कुमार, आजसू पार्टी से आनंद सिंह,झारखंड मुक्ति मोर्चा से सुनील शर्मा,राष्ट्रीय जनता दल से प्रदीप उपस्थित थे।

# साइबर ठगी का शिकार हुए झरपो के रामेश्वर भुइंया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में साइबर ठगी का शिकार कोई न कोई व्यक्ति हो रहा है नए नए तरीके अपना कर लोगो से पैसे की ठगी किया जा रहा है मंगलवार को टटीझरिया प्रखंड और टाटीझरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत झरपो निवासी रामेश्वर भुइयां पिता बढ़न भुइयां भी अबुवा आवास के नाम पर साइबर ठगो का शिकार हो गया है । बता दे की रामेश्वर भुइयां एक गरीब परिवार से है मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है रामेश्वर भुइयां के नाम से अबुवा आवास स्वीकृत हुआ है लगभग पहला किस्त 30,000 हजार अकाउंट में भी आया है । काम नही करने के कारण खाता को होल्ड किया गया है इसी बीच साइबर ठगी का मंगलवार को फोन आया की मैं हजारीबाग जिला से अबुवा आवास अधिकारी बोल रहे है आप अपना अकाउंट और आधार नंबर भेजिए तब जाकर आपका आवास का दूसरी किस्त चला जायेगा साथ में तुरंत 5000 रुपया आज भेजिए फिर कल भेजना देना नही तो कोई रकम नहीं जायेगा आवास के नाम पर तुरंत 2650 रुपया कर्जा लिया और 8175023489 फोन पे में डाल दिया जब इसे पता चला की 2650 रुपया की आपके साथ ठगी हुआ है रामेश्वर भुइयां की नींद उड़ गया वह लेबर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले के प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा भी साथ में मौजूद रहे। साथ ही प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय डुमरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात आयुक्त आयुक्त महोदया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी से विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के क्रम में उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं तथा उन्हें लाभान्वित करने के दिशा में उचित प्रयास किया जाना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने मनरेगा, आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना, पशुधन विकास योजना आदि योजनाओं की समीक्षा तथा संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कोई भी लाभुक इससे वंचित न हो। ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभुकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, ताकि तय समय योजना पूर्ण हो तथा उसका उचित लाभ ग्रामीणों को मिलें। उन्होंने पेयजल की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी भी प्रखंड या पंचायत में पानी की समस्या न हो, पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाना चाहिए। लोगों को सुलभ जल उपलब्ध हो, यही हमारा प्रयास होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें, ताकि सुनियोजित ढंग से योजनाओं को पूरा किया जाय और लोगों को उसका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योजनाओं को पंचायत एवं गांव स्तर पर संचालित करते हुए सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

सभी पंचायत एवं गांव में निरन्तर योजनाओं को संचालित करते हुए मानव दिवस सृजित कर रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

# पूर्व उपमुखिया के घर हुई डकैती का खुलासा, 6 अपराधी गिरफ्तार, लूटे गए जेवरात व रुपये बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मनियाडीह थाना क्षेत्र में पूर्व उप मुखिया शुकुर मुर्मू के घर में डकैती मामले का धनबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना में शामिल 6 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी डीएसपी 2 ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजन कर दी। उन्होंने बताया कि उप मुखिया शुकूर मुर्मू के साथ उसी के गांव के रहने वाले विनोद सेन का आपसी विवाद चल रहा था। जिसके बदले की भावना से इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के पहले अपराधियों ने शाम में दारू पीकर चोरी की घटना का प्लानिंग बनाया था। प्रकाश को अपने प्लानिंग में शामिल किया। इसके बाद प्रकाश सहित पांच दोस्तों के साथ मिलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। डीएसपी 2 ने बताया कि डकैती की घटना का शिकायत मनियाडीह थाना में की गई थी। जिसके आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिससे छापेमारी के द्वारा हर एक बिंदुओं पर अनुसंधान किए गए। इस घटना में गुप्तचर की मदद से इस कांड को करने वाले अभियुक्त विनोद सेन की गिरफ्तारी हुई। जिससे पूछताछ करने पर अन्य साथियों का भी खुलासा किया। जिसके निशानदेही पर अन्य सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से लूट की गई सोने के जेवरात और रुपए बरामद किया गया है। इसके अलावा घटना में शामिल बाइक को जप्त कर लिया गया है।

## वैवाहिक वर्षगांठ पर वृद्धजनों को भोजन करा कर मिलता है सुकून : अशोक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ओल्ड एज होम और टुंडी स्थित वृद्धा आश्रम में डी एस कालोनी निवासी अशोक प्रसाद चंद्रवंशी और उनकी धर्मपत्नी ने अपनी 37वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर दोनों आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को भोजन कराया। प्रसाद ने कहा कि वृद्ध जनों को भोजन करा कर आत्मा को काफी सुकून और शांति मिलती है। वृद्ध माता-पिता तुल्य इन बुजुर्गों को सेवा करने से पुण्य की भी प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से इनकी सेवा सभी को करनी चाहिए, ताकि इस तरह के आश्रम में रह रहे वृद्ध माता-पिता को अपनापन महसूस कराने से उनको जीने की हिम्मत मिले और उनका मनोबल बढ़े। बता दें की अशोक प्रसाद रेलवे कर्मचारी के साथ-साथ ईसीआरकेयू के सहायक सचिव के पद पर हैं। वे हमेशा लाचार एवं विवश लोगों को मदद करते रहते है। इस मौके पर आश्रम में उनकी पत्नी आशा देवी, बेटा विकास कुमार वर्मा, सौरव कुमार, बहु खुशबू कुमारी, बेटी अनुराधा कुमारी, जागृति कुमारी, नाती अनुराग कुमार मौजूद थे।

# बस्ती कुल्ही में हुई डकैती, 5 गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी प्रखंड पश्चिमी क्षेत्र मनियाडीह थाना के जितपुर पंचायत अंतर्गत बस्तीकुल्ही गांव में विगत 24 जून सोमवार के अर्धरात्रि को अज्ञात डकैतों ने पूर्व उप मुखिया शुकर मुर्मू के आवास में हथियारबंद लगभग आधा दर्जन डकैतों ने बंधक बनाकर 1,50,000 हजार की सम्पत्ति डकैती किया था । जिसे विगत 02 जुलाई को 05 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया हैं । मनियाडीह पुलिस सूत्रों के मुताबिक डकैतों का सुत्रधार बस्ती कुल्ही गांव का रहनेवाला है। उसने अपने कतरास क्षेत्र में रहनेवाले अन्य डकैतों के सहयोग लेकर घटना को अंतिम रूप दिया था। डकैतों द्वारा लुटा गया सम्पत्ति पुलिस ने बरामद कर लिया है। जिसकी आज पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रेस वार्ता कर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया जाएगा।।

# सरकारों को सरकार बनाने की चिंता है सरोकार बनाने की चिंता नहीं : अनुपमा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हाथरस की घटना पर लोकसभा प्रत्याशी सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह ने हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ से लोगों की मौत पर गहरा दुख जताते हुए श्रद्धालुओं की मौत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि लोगों ने असामयिक समय में अपने परिवार को खोया है। भगवान उन सभी को सहन शक्ति प्रदान करें और जो हाताहत है उनका बेहतर इलाज हो और जल्द स्वस्थ हो, यही कामना करती हूं। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार व्यवस्था के हर मामले में फेल रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त सुरक्षाकर्मी नहीं तैनात किए गए थे जिसके कारण यह हादसा हुआ। जब सरकार को पता था कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे तो उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए क्या किया। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार जिम्मेदार है। सरकार मृतकों को 50 लाख रुपया मुआवजा एवं घायलों को 10 लाख रुपए एवं सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करें तथा उच्च स्तरीय जांच गठित कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। साधारण लोगो ने जाने गवाई है इसलिए मोदी सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता बल्कि यह उनकी सोच और मानसिकता हो गई है। कल हादसा हुआ तो एक बार भी प्रधानमंत्री ने अपने भाषण को रोकना उचित नहीं समझा और लगातार बोलते रहे। विपक्ष को कोसने के बाद याद आई कभी रेल हादसा, कई सड़क हादसा आदि। यह अब हादसों का देश हो गया है और मोदी सरकार को कोई चिंता नहीं है।

## यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक के नेतृत्व में हुआ पौधरोपण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूथ कॉन्सेप्ट ने मिशन 10000 पौधा रोपण के तहत निचे कुल्ही इमामबाड़ा के चारो ओर नीम का पौधा रोपण किया। साथ में सुरक्षा के लिए जाली भी लगाई गई। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा की पेड़ हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी पृथ्वी के तापमान को भी नियंत्रित करते हैं और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से न केवल हमारे पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि यह हमारे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी खतरे में डालती है। पौधा रोपण कार्य में मुख्य रूप से अखलाक अहमद, मो आजाद, एजाज अंसारी, मो संटू, बब्लू शाह, शादाब अंसारी आदि मौजुद थे।

# विजय संकल्प सभा व कार्यकर्ता सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** आगामी 8 जुलाई को झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विजय संकल्प सभा एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह को सफल बनाएं जाने को लेकर झरिया पोद्दार पाड़ा स्थित आर एस पैलेस प्रांगण में धनबाद जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में झरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक हुई।वजहां कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह एवं योगेंद्र यादव उपस्थित हुए। इस दौरान विजय संकल्प सभा एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह को सफल बनाएं जाने हेतु विस्तृत रूप से चर्चा हुई और पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। जिसमे आगामी 6 जुलाई को पंडित दीनदयाल की जयंती पर विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी एवं 8 जुलाई को विजय संकल्प एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने पर चर्चा हुई। वहीं आगामी 20 जुलाई को रांची के मोहराबादी मैदान में वृहद कार्यसमिति के आयोजन को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए जिसमे बड़ी संख्या में जिला स्तर एवं मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों से सम्मिलित हों कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वाहन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राज कुमार अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ओबीसी मोर्चा, जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह, चंद्रवंशी जिला मंत्री पूनम देवी, राज किशोर जैना, विष्णु त्रिपाठी, सत्यदेव सिंह, बस्ता कोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, लोदना मंडल अध्यक्ष राजा राम पासवान, जोरापोखर मंडल अध्यक्ष, अभिषेक पाण्डेय, अनिल शर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, विशाल श्रीवास्तव, उचित महतो, अजय निषाद समेत कई अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## अवैध विस्फोटक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के खुखरा थाना पुलिस ने अवैध विस्फोटक के साथ एक आरोपी सिराजुद्दीन अंसारी उर्फ सिराज को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इस आरोपी के तूइयो गांव के घर के पीछे से बड़े पैमाने पर विस्फोटक पदार्थ भी जब्त किया है. पुलिस ने 75 वर्षीय सिराज के घर के जिस हिस्से से विस्फोटक पदार्थ जब्त किया. वही से एक स्विच बाक्स, 66 पिस विस्फोटक पदार्थ के साथ 70 मीटर कोटक वायर, 6 पिस डेटोनेटर, लकड़ी में पैक किया लोहे का वायर, एक नोटबुक भी बरामद किया गया । जानकारी के अनुसार एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर खुखरा थाना प्रभारी ने सिराज के घर में जिस वक्त छापेमारी किया. उस वक्त उसके घर से कई लोग पहले ही फरार हो चुके थे, जिन्होंने सिराज के घर के पिछले हिस्से में विस्फोटक पदार्थ समेत अन्य सामान को छिपा कर रखा था. जानकारी के अनुसार सिराज ने फरार लोगों से विस्फोटक पदार्थ मंगा कर अपने घर के पिछले हिस्से में छिपाया हुआ था, जिसे खुद के घर में कुंआ खोदना था, लेकिन कुंआ खोदने के क्रम में उसके अंदर निकले पत्थर के ढेर को ब्लास्ट करने के लिए सिराज ने अपने परिचित से विस्फोटक पदार्थ मंगाया था।

## अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्टीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर धनबाद नगर निगम कतरास अंचल वार्ड संख्या - 3 के निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता के द्वारा आम जनता के बीच कपड़े की थैली का वितरण किया गया। विनायक गुप्ता ने कहा कि प्लास्टिक के प्रयोग से हमारे प्राकृतिक को काफी नुकसान हो रहा है। कई जानवर व समुद्री जीव के जान को हम खतरे में डाल रहे हैं तथा स्वयं और अपनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्लास्टिक जलाने से होने वाले नुकसान से वायुमंडल दूषित हो रहा है। अतः आप सभी जन मानस से निवेदन है कि प्रकृति को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से बचाने का प्रयास करें।

# रजिस्ट्री ऑफिस के शिफ्टिंग का होगा विरोध : चुन्नु

### व्यावहारिक रूप से नए कलेक्ट्रेट भवन में रजिस्ट्री ऑफिस के लिए उपयुक्त स्थान नहीं



पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ महासचिव चुन्नुकांत ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि रजिस्ट्री ऑफिस को नए समाहरणालय भवन में शिफ्ट करने का फैसला उचित नहीं है, और इसका विरोध किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि काफी वर्षो से गिरिडीह का रजिस्ट्री ऑफिस सिविल कोर्ट के बगल में चल रहा है।अभी सरकार के स्तर पर रजिस्ट्री ऑफिस को नए समाहरणालय भवन में ले जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस समस्या को लेकर डीड राइटर एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने ,जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नू कांत से मिलकर समस्या का निराकरण का आग्रह किया था ।

इस इस संदर्भ में श्रीकांत ने उपयुक्त गिरिडीह को एक पत्र भी लिखा है, कि नए समाहरणालय भवन में पहले से ही स्थान की कमी है और ऐसे में रजिस्ट्री ऑफिस को उसे कैंपस में ले जाने से भारी परेशानी होगी ।स्थान के कमी के कारण उनके कार्यालय, रिकॉर्ड रूम तथा रजिस्ट्री ऑफिस में कार्य करने वाले अधिवक्ता, डीड राइटर एवं वाहर से वहरं आने वाले लोगों के बैठने काफी दिक्कत होगी रजिस्ट्री ऑफिस के लिए एक पृथक कैंपस होना चाहिए ।जहां रजिस्टर के लिए कोर्ट के अलावा उनका रिकॉर्ड रूम आदि की व्यवस्था अभी वहां संभव नहीं ।

# जोगता 11 नंबर बस्ती में भू-धसान से लोग भयभीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के मुडीडीह कोलियरी अंतर्गत जोगता 11 नंबर बस्ती में बुधवार को तेज आवाज के साथ हुआ भू-धसान की घटना से लोग भयभीत हैं। सूत्रों ने बताया कि पूर्व में ही इस इलाका में 3-3 बार घटना घट चुकी है। घटना के बाद प्रबंधन व जिला प्रशासन के लोग आते है और झूठा आश्वाशन देकर चले जाते है। कोई दुबारा देखने नही आता है।

# चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 8114 करोड़ रुपये से ज्यादा की शुरुआती आय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही अर्थात अप्रैल से जून, 2024 तक माल ढुलाई से 6789.98 करोड़ तथा यात्री यातायात से 1171.10 करोड़ सहित अन्य सभी स्रोतों से कुल 8114.33 करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई जो पिछले वर्ष के जून माह तक प्राप्त प्रारंभिक आय 7516.57 करोड़ रूपये के तुलना में 7.95 प्रतिषत अधिक है । चालू वित्त वर्ष के प्रथम तिमाही में पूर्व मध्य रेल द्वारा लगभग 6.07 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया जो पिछले वर्ष के इसी अवधि के दौरान पूर्व मध्य रेल से यात्रा किए गए 5.48 करोड़ यात्री की तुलना में 10.75 प्रतिषत अधिक है। यात्री यातायात से प्रथम तिमाही में 1171.10 करोड़ रूपए की आय प्राप्त हुई । यह आय पिछले वर्ष के इसी अवधि में प्राप्त आय 1013.49 करोड़ की तुलना में 15.55 प्रतिषत अधिक है । चालू वित्तीय वर्ष में ग्रीष्माकालीन अवकाष के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर अप्रैल से जून माह तक पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेषनों से देष के विभिन्न शहरों के लिए कुल 216 समर स्पेषल ट्रेन द्वारा 1625 फेरे लगाए गए जिनसे 181.59 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ । पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना टिकट अथवा उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है और इसकी रोकथाम के लिए निरंतर अभियान जारी है ताकि उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े । इसी कड़ी में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में कुल 10.47 लाख बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्री पकड़े गये जिनसे जुर्माने के रूप में कुल 68.55 करोड़ रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई ।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**जिला भू-अर्जन शाखा**

प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ईचाक मोड (एन0एच0–33) पर डुमरौन बहिमर MDR-70 पर पथ (लम्बाई 17.825 कि0मी0) तक चौडीकरण/मजबुतीकरण कार्य हेतु ग्राम–बहिमर, थाना–ईचाक, थाना–सं0–48, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में कुल 0.037 एकड़ यानि 0.0149 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.037 एकड़ यानि 0.0149 हेक्टेयर है, और जो ग्राम–बहिमर, थाना–ईचाक, थाना–सं0–48, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 3 | 4 | निजी | टांड–III | 0.029 | प्रमेश्वर पाण्डेय वगै0 पिता प्रयाग पाण्डेय वो कलावती देवी पति तालेश्वर पाण्डेय वो सुरेन्द्र पाण्डेय वगै0 पिता महावीर पाण्डेय वो संजय पाण्डेय वगै0 पिता देवशरण पाण्डेय वो गणेश देवी पिता लोकनाथ पाण्डेय वो सुभद्रा देवी पति देवशरण पाण्डेय वो महावीर पाण्डेय वगै0 पिता किनु पाण्डेय | सड़क | नीज | प्लॉट 5 | सड़क |
| 2 | 15 | 5 | निजी | टांड–III | 0.008 | मोहन पाण्डेय पिता नरसिंह पाण्डेय वो शतीश पाण्डेय पिता किशोरी पाण्डेय वो दुखहरण पाण्डेय वो अयोध्या पाण्डेय वो राजेन्द्र पाण्डेय पिता प्रयाग पाण्डेय निवासी मौजा बहिमर | सड़क | नीज | प्लॉट 6 | प्लॉट 5 |
| कुल | | | | | 0.037 | | | | | |

यह अधिसूचना हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–बहिमर, थाना–ईचाक, थाना–सं0–48, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में कुल 0.037 एकड़ यानि 0.0149 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/
उपायुक्त,हजारीबाग

PR 328513 Land Reforms(24-25).D

हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत 11 सुत्री मांगो को लेकर आजसू ने दिया धरना, सौंपा बीडीओ को ज्ञापन

# राज्य से जब तक भ्रष्टाचार खत्म नही, तब तक आजसू पार्टी करती रहेगी अन्दोलन : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी ने बुधवार को हल्ला बोल कार्यक्रम किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांग-पत्र सौंपा।सौंपा गया मांगपत्र में इस प्रकार है जमीन संबंधी दाखिल-खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी-2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लायी जाए तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिलें। मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का कियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र किया जाए ताकि वर्षा से पहले कार्य को पूर्ण किया जा सके।छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में शीघ्रता लाई जाए ताकि गरीब एवं निर्धन परिवार के अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ छात्रवृति से वंचित न हो।सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ हो सके। प्रखण्ड में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। अतः भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रखण्ड/अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामवासियों का कार्य सरलतापूर्वक हो सके। सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाए।सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप में किया जाए।सभी राशन कार्ड धारियों को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा राशन में कटौती बन्द किया जाए।खराब पड़े सभी चापाकलों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। आजसू पार्टी उपरोक्त बिन्दुओं पर अविलंब क्रियान्वयन एवं कार्रवाई हेतु मांग करती है। मौके पर विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत,जिला अध्यक्ष ओम कुमार भारती, उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, समीम अंसारी, बलराम साहू बिहारी साहू मनोज यादव, नूर सबा खातून, आयुष महतो, सलमान अंसारी, गुजरू यादव रवि ठाकुर, अगनु राम, कृष्णा राम, रमेश राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर में आचार्य नियुक्ति को लेकर हुआ साक्षात्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केन्द्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में दिनाँक 03/07/2024 को आचार्य नियुक्ति के निमित साक्षात्कार हुआ। जिसमें 12 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। वनवासी कल्याण केन्द्र शिक्षा आयाम के प्रान्त शिक्षा प्रमुख श्री सुभाष चन्द्र दुबे, ज़िला निरीक्षक दिनबन्धु सिंह, शिक्षाविद लालमोहन सिंह, विद्यालय के सचिव राजेश अग्रवाल के द्वारा साक्षात्कार लिया गया।इस अवसर पर विद्यालीय समिति के सह सचिव रिक्की अग्रवाल कोषाध्यक्ष आनन्द जैन, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु उपस्थित थे।

## प्रखंड के सभी मतदान केंद्र में डोर-टू-डोर बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है मतदाता सुचि का सत्यापन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड के सभी 37 मतदान केन्द्रो पर पिछ्ले 01 जुलाई से इन दिनो बीएलओ के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के निमित डोर-टू-डोर किया जा रहा है मतदाता सूची का सत्यापन का कार्य। इस अवसर पर प्रखंड के सभी बीएलओ के द्वारा मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच डोर-टू-डोर जाकर 18 वर्ष की उम्र सीमा वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सुचि मे संलग्न करना,मतदाताओं से पुछ-पुछ कर मृत मतदाताओं का नाम सुचि से हटाने,एवं अभी भी जिनके पास लेमिनेशन युक्त वोटर आईडी कार्ड है उसे रंगीन फोटो लेकर फार्म 08 भरकर नया वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है। इस निमित 03 जुलाई बुधवार को प्रखंड के बूथ संख्या 167 मे बीएलओ सुनीता देवी, 168 मे नसीमा खातुन, 169 मे सुचित्रा लकड़ा, 170 बूथ मे बीएलओ रामप्रसाद पाल के अलावा बीएलओ परवेज अख्तर, पंचम एतवा पहान, समीम अख्तर, मीना उराँव, कलावली देवी, सरोज उराँव, इत्यादि बीएलओ के द्वारा प्रखंड के अपने-अपने आवंटित मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच डोर-टू-डोर किया जा रहा है मतदाता सुचि सत्यापन का कार्य। विदित है कि पिछ्ले 30 जुन को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मति छ्न्दा भट्टाचार्य के निर्देश पर बीएलओ सुपरवाईजर अधीश खाखा ने सभी बीएलओ के साथ बैठक कर आगामी 25 जुलाई तक मतदाता सुचि सत्यापन का कार्य पुर्ण करने हेतू दिये थे बैठक मे निर्देश।

## संपूर्णता अभियान प्रखण्ड स्तर पर 05 और जिला स्तर पर 06 जुलाई को होगा

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के तहत अगले तीन माह में संपूर्णता अभियान के तहत 06 इंडिकेटर में अच्छादन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह छह इंडिकेटर स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों से संबंधित है। संपूर्णता अभियान का दिनांक 05 जुलाई 2024 को प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड मुख्यालय किस्को और जिला स्तर पर 06 जुलाई को नगर भवन, लोहरदगा में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह अभियान अगले तीन माह तक चलेगा जिसमें निर्धारित इंडिकेटर के अच्छादन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा और हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रखण्ड व जिला स्तर पर आयोजित होनेवाले संपूर्णता अभियान में नीति आयोग के प्रतिनिधि के रूप में सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ बनुश्री वेल्पांडियन उपस्थित रहेंगे। इस अभियान के तहत जिला स्तर के अभियान के लिए निर्धारित इंडिकेटर में से स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, समाज कल्याण विभाग द्वारा आइसीडीएस कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने,कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के द्वारा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण किये जाने,स्वास्थ्य विभाग,लोहरदगा की ओर से बच्चों के टीकाकरण का कार्य,सेकेंडरी स्कूलों के स्तर पर विद्युतीय कार्य और स्कूलों में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के एक माह के उपरांत पाठ्य पुस्तकों के वितरण में 100 प्रतिशत अच्छादन के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रखण्ड स्तर पर निर्धारित इंडिकेटर्स में से स्वास्थ्य विभाग द्वारा किस्को प्रखण्ड में गर्भवती महिलाओं के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं को दिये जानेवाले पोषाहार, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी व कृषि विज्ञान केंद्र किस्को द्वारा किसानों के बीच मृदा कार्ड का वितरण,स्वास्थ्य विभाग द्वारा किस्को प्रखण्ड में जनसंख्या के विरुद्ध लक्ष्य समूह में मधुमेह रोगियों की जांच,उच्च रक्तचाप रोगियों की पहचान और जेएसएलपीएस द्वारा स्वयंसहायता समूह के बीच रिवॉल्विंग फण्ड के वितरण के अच्छादन के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

भगवान श्री बजरंगबली की महाआरती अरु चौक में सम्पन्न

# विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की अगुआई में एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार शाम अरु स्थित बजरंबली मंदिर प्रांगण में महाआरती का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विहिप प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहु के नेतृत्व में तमाम सनातनियो के सहयोग से महाआरती का आयोजन मंगलवार शाम किया गया। विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुरोहित वृजमोहन पंडित के द्वारा आरती कराया गया। इस अवसर पर रंजीत कुमार कुमार साहु ने कहा की सेन्हा प्रखंड के सभी पंचायतों में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल संगठन का विस्तार किया जायेगा। तथा पंचायतवार टीम बनाकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्य आयोजन किया जाएगा। साथ ही कहा कि प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिर में और प्रत्येक मंगलवार को महावीर मंदिर में भव्य आरती और कीर्तन करने हेतु टीम गठन किया जाएगा। जिसमें समाज सेवी गौतम प्रसाद साहु, संतोष राम, दिनेश प्रसाद साहु, पुजारी वृजमोहन पंडित, अनुज कुमार गिरी, अजय कुमार गिरी, अभिनव कुमार गिरी, किनेश प्रसाद साहु, विजय पाठक, महिला संरक्षक अनुराधा प्रसाद, प्रमिला देवी, राजु साहु तथा छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बाल गोपाल उपस्थित हुए और महाआरती के पश्चात उपस्थित सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विधुत समस्था को लेकर महाप्रबंधक से भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पुर्व भाजपा प्रत्याशी सिमडेगा श्रद्धानंद बेसरा ने महाप्रबंधक विद्युत विभाग रांची से बातचीत कर सिमडेगा जिला विद्युत विभाग में विगत एक महीने से विद्युत वर्कशॉप में कार्य नहीं हो रहा, उक्त संबंध में जानकारी दिया और उनसे जल्द व्यवस्था बहाल करने के लिए आग्रह किया । श्री बेसरा ने कहा कि क्षेत्र की जनता विगत एक महीने से अपने क्षेत्र के ट्रांसफार्मर खराब होने कि शिकायत दर्ज कराई परन्तु विद्युत ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग नहीं होने से अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। प्रतिदिन विभाग से संपर्क करने पर, विभाग द्वारा मिस्त्री नहीं होने की बात बताई जाती है, मिस्त्री के बहाल होने पर रिपेयरिंग का काम किया जाएगा। बता दें कि विभाग द्वारा श्री बेसरा को जानकारी दिया गया था कि जिस ट्रांसफार्मर मिस्त्री को बहाल किया गया था,वह रिपेयरिंग वर्कशॉप में हिट चेम्बर में आग लगने के बाद छुट्टी पर चला गया है, लेकिन हिट चेम्बर की मरम्मती करा लेने के बाद अभी तक वापस नहीं आया है। श्री बेसरा ने क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मरों की लम्बी लिस्ट को भी जीएम के पास वाट्सएप के माध्यम से जानकारी दिया एवं उन्हें जल्द समाधान करने के लिए आग्रह किया। साथ ही भाजपा नेता श्रद्धानंद ने जिले के दोनो विधायकों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिले के दोनों विधायकों को जिले की समस्या चाहे हो बिजली विभाग की समस्या हो पेयजल विभाग हो या अन्य विभाग इन्हें आम जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं साढ़े चार साल के कार्यकाल में जिले में कोई एक भी विकास का कारण नहीं किया है इन विधायकों ट्रांसफार्मर बनने जैसी छोटी समस्याओं के लिए भी तरूसे बात करनी पड़ रही है, जब रघुवर दास के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदल दिए जाते थे पर वर्तमान सरकार में 6 महीने हो जाने पर भी ट्रांसफार्मर के लिए ग्रामीण और जनता परेशान है।

## मोदी सरकार के चेहरे में दाग है और साफ वो आइना को कर रहे हैं : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा में आदरणीय राहुल गांधी नेता विपक्ष के तौर पर अपने भाषण में अग्निवीर, मणिपुर, नीट, महंगाई जैसे मुद्दे पर भाजपा को घेरा। राहुल गांधी के द्वारा लोकसभा में दिए गए भाषण पर पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद माननीय सुखदेव भगत ने कहा कि सच्चाई पूरे विश्व में व्याप्त है यह शाश्वत सत्य है। मोदी के दुनिया में सत्य उनके लिए राजनीतिक दृष्टिकोण से स्वीकार करते हैं और अस्वीकार करते हैं। देश के सर्वोच्च पंचायत में विपक्ष के नेता ने देश की आवाज को सत्य एवं निष्ठा के साथ रखा ।मैं समझता हूं कि दाग उनके चेहरे पर है और वह आइना को साफ कर रहे हैं। देश के सर्वोच्च पंचायत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात होती हैं और यह लोकतंत्र की खूबसूरती है कि सदन पक्ष एवं विपक्ष दोनों पहियों से चलती है। सदन में बातें अगर आ रही है सदन में असहमत हो सकते हैं। एक तरफ लगातार भाजपा के द्वारा नियमावली का हवाला दिया जा रहा है क्या मैं उम्मीद करूं कि यह पक्ष एवं विपक्ष दोनों के लिए है। राहुल गांधी सदन में लगातार कह रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्य से डरी हुई है। सत्य को स्वीकार नहीं कर सकती है इसलिए कहा कि दाग भारतीय जनता पार्टी के चेहरे में एवं मोदी सरकार के चेहरे में है और साफ वो को आईना को कर रहे हैं।

## अवैध बालू लेकर वापस लौट रहे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकल सवार को मारी टक्कर, मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के उमरी बालू घाट से मंगलवार की रात्रि सात बजे अवैध बालु उत्खनन कर परिवहन कर ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर मोटरसाइकल सवार को मारी जोरदार टक्कर, मोटरसाइकल सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। वही एक युवती और छह वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल, घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हुए कहा जिला खनन विभाग, प्रखंड प्रशासन, कुडू पुलिस के सरंक्षण हो रहा है बालू घाटों से अवैध बालू का उत्खनन और परिवहन, बालू माफिया और खनन विभाग, पुलिस के गठजोड़ के कारण बालू घाटों से दिन और रात बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है बालू का अवैध कारोबार वैध रूप से फल फूल रहा है सब कुछ जानते हुए आखिर क्यों खनन विभाग, कुडू पुलिस, प्रखंड प्रशासन चुप्पी साधे है वही मृतक की पहचान भंडरा प्रखंड के कसपुर गांव निवासी ललित उरांव के रूप में किया गया। घायल में मृतक की भतीजी प्रीति कुमारी और छह वर्षीय अनुज कुमार है प्रीति और अनुज दोनो का कुडू अस्पताल में इलाज बाद रिम्स रेफर किया गया है। इसके बावजूद भी बालू का अवैध कारोबार जारी है।

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करना है : परमुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रखंड महिला पर्यवेक्षिका द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक कर सावित्री बाई फुले कुशोरी समृद्ध योजना का लाभ छात्राओं को दिलाने के लिये दिशा निर्देश दिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को समृद्ध करने के उद्देश्य से झारखण्ड सरकार द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना संचालित किया गया है?। जिसके तहत 8 वीं कक्षा से 12 वीं कक्षा की छात्रओं को तथा 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को लाभ दिया जायेगा?। इस निमित पूरे प्रखंड क्षेत्र से 4,550 छात्राओं को लाभ दिलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को सूचनार्थ किया जा चुका है की सभी अपने अपने विद्यालय से योग्य छात्राओं का प्रपत्र भर कर बाल विकास परियोजना कार्यालय में एक जुलाई से 31 अगस्त के बीच फॉर्म जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर अंगनी बेक के अलावे टिंकी देवी, शांता मिंज, किरण कुमारी, रजनी देवी, लक्ष्मी कुमारी, शहनाज बेगम, अनिता उराँव सहित सभी सेविकाएँ उपस्थित थे।

## महिला के लापता होने पर पति खोज में निकला नही मिला सुराग



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुईमु पंचायत के हेन्हे ग्राम से 21 वर्षीय महिला 15 दिन पूर्व बुधवार को लापता हो गई नही मिला आज तक कोई सुराग। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती इलाके हेन्हे निवासी बुधु खेरवार का 24 वर्षीय पुत्र मुन्ना खेरवार की पत्नी सुनीता कुमारी बुधवार को घर में सूट सिलवाने की बात बोल कर घर से निकली जो देर शाम तक घर लौट कर नही आई तो परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदार के यहां छानबीन करने लगे लेकिन आज तक कोई सुराग नही मिला। जिसे मुन्ना खेरवार अपनी पत्नी का फोटो लेकर सेन्हा क्षेत्र में खोजबीन करते हुए थाना पहुंचा उसी दौरान पत्रकार से बातचीत के दौरान सारी बातों को बताते हुए आमजनों से सहयोग की बात कही वहीं स्थानीय थाना में अभी तक गुमशुदा होने का मामला दर्ज नही कराया गया है।

## अपने वक्तव्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए राहुल गांधी को : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पहले संबोधन में हिंदुओं के लिए अपमानजनक बातें कहने पर उनकी तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा है कि श्री गांधी ने कलह और टकराव पैदा करने का काम किया है। राहुल गांधी ने कहा है कि जो अपने को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटा हिंसा और नफरत करते हैं। यह घोर आपत्तिजनक तथा अपमानजनक है। श्री गांधी का इस तरह का वक्तव्य उनके हिंदू धर्म के बारे में उनके सोच का परिचायक है। लोकसभा में उनके द्वारा दिया गया पूरा भाषण उनके नकारात्मक सोच को ही उजागर कर रहा था। देश के किसानों तथा अग्नीवीर में कार्यरत जवानों के संदर्भ में उनका सोच सकारात्मक ना होकर सिर्फ राजनीतिक दृष्टिकोण ही था। राहुल गांधी का संसद में किये जा रहे आचरण से यह स्पष्ट है की वे एक अपरिपक्व तथा संवेदनहीन व्यक्तित्व के मालिक हैं। उन्हें अपने वक्तव्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के वक्तव्य की निंदा करने वालों में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राजमोहन राम, श्री चंद प्रजापति, चंद्रशेखर अग्रवाल, देवाशीष कर, अनुपम प्रकाश कुंवर, अधिवक्ता अनिल पांडे, तरुण देवरिया, अजय पंकज, दिपक शर्मा, मिथुन तमेडा, दिलीप पटनायक, शशि भूषण सिंह और अतुल कुमार शामिल हैं।

# संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरि : प्रवीण कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा और मांडर विधानसभा की बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बख्शी डीपा में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में लोहरदगा लोकसभा जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, प्रवीण सिंह पूर्व विधान पार्षद, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो लोकसभा सहसंयोजक, ओमप्रकाश सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य, श्रीचंद प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष, बिंदेश्वर उरांव महामंत्री जनजाति मोर्चा प्रदेश उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रम अभिनंदन समारोह, महिला मोर्चा के द्वारा जिला समाहरणालय घेराव, 14 जुलाई को लोहरदगा विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह का आयोजन,20 जुलाई को मोराबादी में आयोजित का समिति बैठक में उपस्थिति को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी ने अपनी अपनी बात रखी। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हमें अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार जनता के साथ संघर्ष करते रहना है। गुमराह की राजनीति बहुत दिन तक नहीं चलने वाली है। जिस प्रकार से लोहरदगा लोकसभा के नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने भोले भाले आदिवासी समाज सरना कोड की बात प्रथम सत्र में ही सदन में उठाने की बात कही थी परंतु सत्र भी खत्म हो गए। इनकी सच्चाई बहुत जल्द सामने आएगी इन्होंने आदिवासी समाज को बोका बनाया है। वही समीर उरांव ने कहा कि चुनाव आते हैं और जाते हैं परंतु संगठन के कार्य निरंतर चलता रहता है संगठन समाज के लिए सदैव तत्परता के साथ खड़ी रहती है। इसलिए हम सभी संगठन के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की सफलता के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ में पुनः लग जाना है। हमें चुनाव में असफलता जरूर मिली है परंतु हमें जनता का मत भी मिला है इसलिए हम सभी जनता के आभारी हैं। पूर्व विधान परिषद प्रवीण सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी-अपनी क्षेत्रीय स्तर पर योजना बननी चाहिए। संगठन के कार्यकर्ता सदैव संघर्ष करते हैं। जो कि संगठन को मजबूती प्रदान करता है।

# 25 वां वीर शहीद थोमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर समिति की बैठक सम्पन्न, अमित डुंगडुंग बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिमडेगा अल्बर्ट का स्टेडियम में आयोजित होने वाले वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामिंट के सफल आयोजन के लिए बुधवार को सिमडेगा परिषदन भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मतीयस कुल्लु के द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत वीर शहीद थॉमस सोरेंग की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप जलाकर की गई। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ,थाना प्रभारी विनोद पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर कहा गया कि इस वर्ष 25 वर्ष पूरा होने पर सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर आयोजक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से निरंतर 25 सालों तक इस टूर्नामिंट आयोजन किया जाता है जिसमें इस वर्ष प्रथम पुरस्कार एक लाख 70 हजार तथा द्वितीय पुरस्कार एक लाख 31 हजार रुपए दी जाएगी उन्होंने बताया कि उक्त खेल में झारखंड उड़ीसा बंगाल बिहार सहित अलग-अलग राज्य के खिलाड़ी शामिल होंगे खेल की शुरुआत 25 जुलाई से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से मुख्य आयोजक राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, सचिव मोनू बड़ाईक, उप सचिव विकास साहू, महामंत्री रामजी यादव को बनाया गया वही उपाध्यक्ष के लिए सकील अहमद, इम्तियाज हुसैन, कमल शर्मा, विकास बेसरा, प्रताप बड़ा, संदीप मिंज और सुजान मुंडा को बनाया इसके साथ सांसद कालीचरण मुंडा को प्रधान संरक्षक, मुख्य संरक्षक विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा, विक्सल कोंगाड़ी, उपयुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक को बनाया एवं सह संरक्षक एसडीपीओ, एसडीओ, सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी को बनाया गया।सलाहकार के पद में मतीयस कुल्लू एवं इसीदोर केरकेट्टा मंच संचालक और प्रवक्ता श्याम सुन्दर मिश्रा, खेल प्रभारी - कंचन कबीर, वारिस रजा, बिकी कुमार, मुख्तार खलीफा, गंगा बैठा, निशित टोप्पो, सागर सिंह, घनश्याम महतो, रिशु सिंह, नीरज बड़ाईक, डैनियल मिंज, सुभाष और कमांडो को बनाया।

## अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, 14 चक्के वाहन के चपेट में आकर हुई मौत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर थाना क्षेत्र के पतराटोली के समीप की है जहां मंगलवार शाम 14 चक्का वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई है।बताया जा रहा की मंगलवार की शाम मोटरसाइकिल संख्या जेएच 08 जे 4282 पर सवार बाइक चालक दूसरे बाइक में टक्कर मारने के बाद अनियनत्रित हो गया और सामने से आ रही 14 चक्का वाहन के पिछले टायर में जा फंसा वाहन चालक को जब तक पता चलता वाहन चालक बाइक सवार को लभभग सौ दो सौ फिट तक घसीटता रहा। घटना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जहां भारी मसक्कत के बाद शव को टायरों के बीच से निकाला गया। वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## चलते चलते एक नजर

### सरसंघचालक भागवत प्रांत प्रचारकों की बैठकों में हिस्सा लेने आएंगे रांची

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत रांची दौरे पर आने वाले हैं। वे जुलाई में होने वाली प्रांत प्रचारकों की विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेंगे। साथ ही प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ कई विषयों पर चर्चा करेंगे। उनके साथ संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को विश्व संवाद केन्द्र के प्रमुख संजय कुमार आजाद ने दी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 17 जून को बोकारो पहुंचे थे। यहां उन्होंने बोकोरो में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में शामिल होकर प्रबोद्धन दिया था।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले दिनों हुई गोजू रियू रांची जिला टूर्नामेंट में कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू का शानदार प्रदर्शन रहा इस टूर्नामेंट में गोल्ड 4 सिल्वर 3 ब्रोंज 5 कैंब्रियन स्कूल के खाते में आई , इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार यादव एवं शिक्षक श्री शिवेश कुमार जी मौजूद थे। इस टूर्नामेंट में पदक पाने वाले छात्र इस प्रकार है , इंद्राणी कुमारी - सीनियर कुमीते + 55 केजी गोल्ड ., स्नेहा कुमारी - सीनियर गर्ल्स काता गोल्ड,प्राची तिर्की - अंडर 17 गर्ल्स काता गोल्ड , अंडर 17 गर्ल्स कूमीते ब्रोंज,. सुहैल अंसारी - अंडर 17 बॉयज काता गोल्ड . अंडर 18 बॉयज कुमीते ब्रोंज, श्रुति उरांव - सीनियर फीमेल काता सिल्वर , अंडर 14 गर्ल्स कुमिते ब्रोंज, आरव दुबे - जूनियर बॉयज अंडर 14 काता सिल्वर, हिमांशु राज - अंडर 17 बॉयज काता ब्रोंज, रोहित भगत - सीनियर ब्लैक बेल्ट काता सिल्वर, सीनियर ब्लैक बेल्ट कुमिते ब्रोंज. पार्टिसिपेशन - अंश प्रसाद , सक्षम कर्मकार , अनूप कुमार , आदित्य कुमार । इन सभी को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार यादव जी और स्कूल के सेक्रेटरी श्री परम सिंह एवं रिया शर्मा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बीआरएस के नेता केशव कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली :** तेलंगाना में बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) के 84 वर्षीय नेता केशव राव बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, रायबरेली से सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और दीपदास मुंशी भी मौजूद रहे। केशव राव पहले कांग्रेस में ही थे, लेकिन मई 2013 में वह केसीआर की पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति, बीआरएस) में चले गए थे। वह पहली बार 2006 में कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा के सदस्य बने थे। इस बार वे बीआरएस से राज्यसभा सदस्य चुने गए हैं। राज्यसभा सदस्य और बीआरएस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार रहे केशव राव के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें पिछले कई दिनों से चल रही थीं।

# सीएम योगी पहुंचे हाथरस, अस्पताल में घायलों से मिले



**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस पहुंचे।सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाथरस पुलिस लाइन में हालात का जायजा लेने के बाद सरकारी अस्पताल में भगदड़ की घटना में घायलों से मुलाकात की। घायलों से उनका हालचाल जाना। सत्संग के दौरान मची भगदड़ में अब तक 121 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 28 लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं।घटना की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आगरा) और अलीगढ़ मंडल आयुक्त की एक टीम गठित की गई है। घटना के बाद मंगलवार को सरकार ने एक बयान में कहा कि रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर सौंपी जानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर संवाददाताओं से कहा, हमारी सरकार इस घटना की तह में जाकर साजिशकर्ताओं और जिम्मेदारों को उचित सजा देने का काम करेगी। राज्य सरकार इस पूरी घटना की जांच करा रही है। हम इसकी तह में जाएंगे और देखेंगे कि यह हादसा है या साजिश।

सीएम योगी ने घटना पर राजनीति करने वाले दलों पर निशाना साधते हुए कहा,इस प्रकार की घटना पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी। यह समय पीड़तों के घावों पर मरहम लगाने का है, पीड़ितों के प्रति संवेदना का है। सरकार इस मामले में पहले से संवेदनशील है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### हाथरस में मची भगदड़ के लिए योगी सरकार जिम्मेदार : अखिलेश यादव



यूपी के हाथरस में मची भगदड़ मामले में पूर्व सीएम और सपा सांसद अखिलेश यादव का बयान सामने आया है। अखिलेश ने कहा, यह बहुत दर्दनाक है। जिन परिवारों के सदस्यों की जान गई है, उन्हें दुख सहने की शक्ति मिले। जो हादसा हुआ है यह सरकार की लापरवाही है। ऐसा नहीं है कि सरकार को इस कार्यक्रम की जानकारी न हो।अखिलेश ने कहा,जब कभी भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते हैं तो बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होते हैं। इस लापरवाही से जो जानें गई है उसकी ज़िम्मेदार सरकार है। कोई अगर अस्पताल पहुंच भी गया तो उन्हें पर्याप्त इलाज नहीं मिल पाया। ना ऑक्सीजन, ना दवाई, ना इलाज मिल पाया। इसकी ज़िम्मेदार भाजपा है जो बड़े-बड़े दावे करती है कि हम विश्वगुरु बन गए हैं। क्या अर्थव्यवस्था का मतलब यह है कि किसी आपातकाल स्थिति में आप लोगों का इलाज न कर पाएं?

बता दे की उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार को नारायण साकार विश्व हरि के नाम से प्रसिद्ध भोले बाबा के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी। कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन की परमिशन से ज्यादा भक्त सत्संग कार्यक्रम में पहुंचे। भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। घटना सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गांव फुलराई के पास की है।

# मोदी सरकार के द्वारा आनन-फलन में लाया गया तीनों नया कानून गैरजरुरी : रूचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र महतो, अधिवक्ता आलोक कुमार तिवारी, अभय कुमार भूइंया, प्रभु कुमार शर्मा , रंजीत कुमार ने केंद्र सरकार के द्वारा लाया गया नया कानून को आनन फानन में लिया गया निर्णय बताया है। अधिवक्ता श्री तिवारी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना लोकसभा और राज्यसभा में बहस एवं चर्चा किया विपक्षी सांसदों को बाहर करके आनन फानन में यह नया कानून लाद दिया जिससे आम जनता सहित सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश है इस कानून के तहत पुलिस पदाधिकारी को अधिक पावर दे दिया गया है जिससे गरीब एवं आम जनता जौ के साथ घुन की तरफ पीस जाएगी। यह नया कानून आने से आम लोगों के सात दुविधा सी उत्पन्न हो गई है।

कोई भी कानून सरल एवं सुलभ रूप से आम अवाम उपलब्ध होना चाहिए लेकिन यह नया कानून एवं आम जनता को केवल परेशान करेगी और लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। केंद्र सरकार इस नए कानून को निरस्त कर पुणे 2024 में सदन में बहस करवा कर लागू करें ताकि सदन एवं कानून की गरिमा बनी रहे।

# देश को गुमराह करने की साजिश लंबी नहीं चल सकती : रिजिजू



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद की कार्यवाही को बाधित करने को लेकर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश को गुमराह करने की साजिश लंबी नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको बोलने और सुनने का अधिकार है, लेकिन सदन को गुमराह करने का हक किसी को नहीं है।संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को राज्यसभा के 264वें सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने बाद संसद भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संसद के दोनों सत्रों के सफल संचालन के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का आभार व्यक्त किया। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए धैर्य के साथ सदस्यों द्वारा नीट और मणिपुर सहित तमाम विषयों पर अपनी बात रखी।उन्होंने कहा कि हम संविधान से बंधे हुए हैं और नियम और परंपरा से हम आगे भी सदन चलाएंगे और सरकार भी चलाएंगे। देश की सेवा करते रहेंगे। विपक्ष यदि सकारात्मक भूमिका निभाता है तो हम सभी के लिए अच्छी बात होगी, जिससे हम मिलकर देश चलाएंगे।संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने सदन में कांग्रेस के आचरण पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री और सदन के नेता अपनी बात रखते हैं तो सदन में उस समय सबको सुनना होता है, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। लोकतंत्र में सबको बोलने का अधिकार है और सुनने का भी। जब प्रधानमंत्री ने लोकसभा में बोलना शुरू किया तो कांग्रेस और उनके कुछ सहयोगियों ने भारी हंगामा किया और प्रधानमंत्री के पूरे भाषण को बाधित किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद है क्योंकि जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं तो उन्हें बोलने के लिए पूरा समय दिया जाता है, यही परंपरा रही है।

# पर्यावरणविद कौशल ने नि:शुल्क पौधरोपण का शुभारंभ रसिया के अजरबैजान से किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रसियन कंट्री अजरबैजान के राजधानी बाकू के एक होटल मेरीओट में आयोजित सम्मान समारोह में भारत से आये वैसे प्रख्यात लोगों को सम्मानित किया गया जो समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा व परिश्रम के बल पर एक अलग पहचान बनाई व ख्याति प्राप्त की है। सम्मान समारोह का शुभारंभ अजरबैजान के टूरिस्ट डायरेक्टर विश्व के साउथ ईस्ट रौशन व झारखंड पलामू के लाल ट्री मैन से विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल एवं , खडवानी और मौनिका लुइस के साथ संयुक्तरूप से किया। समारोह के उद्घाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा देते हुए पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि दुनिया को बड़ी दुर्घटना होने से बचाना है तो विश्व के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा । उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी बातों को अनदेखी किया गया तो डायनासोर की तरह धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख जीवन की ईहलीला समाप्त होने में देर नहीं लगेगी।

उन्होंने इससे पहले नि:शुल्क पौधा वितरण व रोपन के 58 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म और वनरखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष पूरा होने पर वृक्षों पर रक्षाबंधन कर वर्ष 2024 के पौधरोपण व वितरण अभियान का शुभारंभ किया। पिछले वर्ष इस अभियान की शुरुआत पर्यावरणविद कौशल ने सिंगापुर व मलेशिया से किया था। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान सचिव पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राजद का स्थापना दिवस पांच जुलाई को

**रांची :** राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बुधवार को कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस पांच जुलाई को प्रदेश कार्यालय रांची में धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव स्थापना दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कुमार ने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में होगी। कार्यक्रम में मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश के सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, रांची जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित सभी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# हाथरस घटना : आयोजकों ने साक्ष्य छिपाए हताहतों की संख्या छिपाने की साजिश रची



**एजेंसी**

**लखनऊ :** हाथरस मामले में गंभीर धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर में हैरान कर देने वाली बातों का जिक्र किया गया है।एफआईआर में कहा गया है कि आयोजकों ने साक्ष्य छिपाए और शर्तों का उल्लंघन किया। हाथरस मामले में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। सत्संग कार्यक्रम के मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 105, 110, 126(2), 223 और 238 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस एफआईआर में जगत गुरु साकार विश्वहरि भोले बाबा का नाम नहीं है।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि आयोजकों ने अनुमति मांगते समय सत्संग में आने वाले भक्तों कीएल वास्तविक संख्या छिपाई। एफआईआर के मुताबिक आयोजन में ढाई लाख लोग आए थे जबकि आयोजकों ने 80 हजार लोगों के कार्यक्रम की अनुमति ली थी। इसके साथ ही आयोजकों की ओर से ट्रैफिक मैनेजमेंट का कोई इंतजाम नहीं था। 80 हजार की इकठ्ठा होने की मांगी गई अनुमति के अनुसार ही पुलिस और प्रशासन की ओर से भीड़ की सुरक्षा, शान्ति व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन किया गया था। लेकिन कार्यक्रम में लगभग ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से स्थिति आउटआफ कंट्रोल हो गई। जीटी रोड पर जाम लग गया, यातायात अवरुद्ध हो गया। एफआईआर में कहा गया है कि भीड़ के दबाव के बावजूद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने हर संभव प्रयास किया और उपलब्ध संसाधनों से घायलों को अस्पतालों में भेजा और कहा कि आयोजकों और सेवादारों ने सहयोग नहीं किया। आयोजकों ने सबूत छिपाकर और श्रद्धालुओं की चप्पलें और अन्य सामान पास के खेतों में फसलों में फेंककर कार्यक्रम में आने वाले लोगों की वास्तविक संख्या को छिपाने की कोशिश की।

### अविनाश देव के नेतृत्व में संत मरियम स्कूल के छात्रावास परिसर में हुआ योग का आयोजन

# नियमित योग करने से होंगे निरोग : ममता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के ख्यातिप्राप्त संत मरियम स्कूल छात्रावास परिसर में योग का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजलि महिला इकाई की राज्य कार्यकारिणी सदस्य ममता सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। बच्चों को संबोधित करते हुए ममता सिन्हा ने कहा कि योग को प्रतिदिन दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं मानसिक तनाव दूर होता है। साथ ही, व्यक्ति की बुद्धि कुशाग्र होती है। आप सभी निश्चित रूप से योग के परिणाम को बीतते समय के साथ अपने व्यवहार, मस्तिष्क के विकास सहित अनेक चीजों में महसूस करेगें। आगे उन्होंने ने कहा कि बच्चों के साथ प्रतिदिन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव जी का उठना एवं उनके साथ में योग करना, एक बेहतर अभिभावक की अनुभूति कराता है। ऐसे कार्यों से निश्चित रूप से बच्चे अभिभावक के रूप में जुड़ते हैं और उनका आत्मीय लगाव भी बढ़ता है। साथ ही, वे अपनी मूल समस्याओं को आसानी से उन तक पहुंचा पाते हैं। बच्चों के साथ दैनिक दिनचर्या की शुरुआत बच्चों और संस्थान के लिए बेहद गर्व की बात है। मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि योग के साथ संत मरियम स्कूल के छात्रावास के बच्चे आर्चरी, कराटे, संगीत, निशानेबाजी आदि खेलों का भी नियमित अभ्यास करते हैं। पलामू जैसे क्षेत्रों में विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास है कि बच्चे अपने रुचि के अनुसार विभिन्न खेलों के क्षेत्र में पलामू का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करें। मौके पर छात्रावास के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने किया हाथरस का किया दौरा

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा और सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी के नेतृत्व में आयोग की एक टीम ने बुधवार को हाथरस घटना स्थाल का दौरा किया। रेखा शर्मा ने हाथरस के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इसके साथ इस हादसे में पीड़ति घायल महिलाओं से मिलने के लिए सीएमओ हाथरस के साथ अस्पताल का दौरा किया। पीड़ितों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में रेखा शर्मा ने बाबा पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। रेखा शर्मा ने कहा कि भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि ने गैरकानूनी काम किया। उसने 80 हजार लोगों के लिए अनुमति मांगी थी और 2 लाख से ज्यादा की भीड़ इकट्ठी की थी। हादसे के बाद बाबा गायब हो गए। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

# सरकार में बैठे लोग सत्ता के नशे में चूर हैं : दीपक शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड समिति की ओर से हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजीत मेहता और संचालन विजय दास ने किया। कार्यक्रम के उपरांत डंडा प्रखंड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। मांग पत्र में जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, पणजी टु में दर्ज जीरो प्लॉट पर आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास के लाभों के चयन में पारदर्शिता, मनरेगा योजनाओं को वर्षा से पूर्व पूरा कर मजदूरी भुगतान करने, गरीब छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र शीघ्रता से बनवा कर छात्रवृत्ति देने, किसानों को ससमय खाद-बीज देने, प्रखंडों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने, प्रखंड व अंचल कार्यालय में ग्रामीणों का कार्य शीघ्रता से करने, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों व आश्रितों को प्राथमिकता देने, पेंशनधारियों को ससमय पेंशन देने, कार्डधारियों को समुचित राशन देने, खराब पड़े चापाकलों को जल्द ठीक करने की की मांग रखी गई।

हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि सरकार में बैठे लोग सत्ता के नशे में चूर हैं । राज्य सरकार को जनता के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है। सरकार जनता की सेवा करने की जगह भ्रष्टाचार को बढ़ावा और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में व्यस्त है। केंद्रीय सचिव चंपा देवी ने कहा कि सरकार चुनाव पूर्व किए गए घोषणाएं केवल सरकारी दस्तावेजों अखबारों और खंभो में लगे विज्ञापनों तक ही सीमित है। डंडा प्रखंड प्रभारी केंद्रीय सदस्य इश्तियाक राजा ने कहा कि धरातल की सच्चाई से सरकार का कोई वास्ता नहीं है सरकार की गलत नीति निर्धारण के चलते राज्य की आम जनता परेशान है। केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा ने कहा कि आज राज्य में राशन पेंशन सड़क शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभुत महिलाओं के लिए राज्य की जनता तरस रही है। जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि डंडा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ दो महीने में एक दिन बैठते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय दास, गोपाल चौधरी, इनामुल हक, जगतु महतो, पंकज साह, धर्मेंद्र राम, जगदीश महतो, पनपत्ति देवी, कौशल्या देवी, सतवंती देवी, प्रमिला देवी उपस्थित थे।